नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड, उड़ीसा, बिहार से प्रसारित

सोशल मीडिया से जुड़ें
Parivehan_Vishesh

RNI No :- DELHIN/2023/86499
DCP Licensing Number : F.2 (P-2) Press/2023

www.newsparivahan.com

परिवहन विशेष

वर्ष 03, अंक 324, नई दिल्ली, शुक्रवार 23 जनवरी 2026, मूल्य ₹ 5, पेज 8

देश का पहला ट्रांसपोर्ट दैनिक समाचार पत्र

आज का सुविचार

जिंदगी हमेशा आपको एक नया मौका देती है, सरल शब्दों में उसे कल कहते हैं।

02 कोकीन (Cocaine) के दुष्प्रभावः मानसिक स्वास्थ्य और शरीर पर क्या असर डालते हैं?
06 हनी ट्रैपः भय, बदनामी और अपराध का संगठित जाल
08 आरएसपी भूमि व संपत्तियों में संगठित भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, मामला सिविसी मे- डॉ यादव

परिवहन पत्रकारिता में ऐतिहासिक पहल

परिवहन क्षेत्र का एकमात्र राष्ट्रीय हिंदी दैनिक 'परिवहन विशेष' अब अंग्रेज़ी में भी

परिवहन विशेष न्यूज

नई दिल्ली। परिवहन क्षेत्र का एकमात्र राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र अपने पाठकों के लिए एक बड़ी और ऐतिहासिक खुशखबरी लेकर आया है। अब तक हिंदी भाषा में प्रकाशित होने वाला यह प्रतिष्ठित समाचार पत्र, पाठकों की निरंतर माँग, विश्वास और सहयोग को देखते हुए, अगले सप्ताह से हिंदी के साथ-साथ अंग्रेज़ी भाषा में भी प्रकाशित किया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य देशभर के परिवहन उद्योग से जुड़े पाठकों—चालक, ट्रांसपोर्टर, उद्यमी, नीति-निर्माता और आम नागरिक—तक त्वरित, तथ्यपरक और विश्वसनीय समाचार भाषाई सीमाओं से परे पहुँचाना है। इससे समाचारों की पहुँच और प्रभावशीलता दोनों में वृद्धि होगी।

समाचार पत्र प्रबंधन के अनुसार, अंग्रेज़ी संस्करण के आरंभ के साथ ही कंटेंट की गुणवत्ता, विश्लेषणात्मक रिपोर्टिंग, विशेष फीचर और ग्राउंड रिपोर्ट्स को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। डिजिटल और प्रिंट—दोनों माध्यमों में पाठकों को समृद्ध अनुभव देने पर विशेष फोकस रहेगा। प्रबंधन ने कहा कि यह उपलब्धि पाठकों के निरंतर समर्थन, सुझावों और प्रेरणा का प्रतिफल है। आने वाले समय में पाठकों की अपेक्षाओं के अनुरूप नवाचार और विस्तार जारी रहेगा।

पाठकों के सहयोग से शुरू की गई यह पहल न केवल समाचार पत्र के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि परिवहन पत्रकारिता में एक नए युग की शुरुआत भी मानी जा रही है।

Original

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
भारत के प्रेस महापंजीयक
PRESS REGISTRAR GENERAL OF INDIA

पंजीयन प्रमाण-पत्र
CERTIFICATE OF REGISTRATION

प्रमाणित किया जाता है कि प्रेस तथा नियतकालिक पत्रिका पंजीकरण अधिनियम, 2023 के अंतर्गत इस नियतकालिक पत्रिका को पंजीकृत कर लिया गया है:
This is to certify that this Periodical has been registered under the Press and Registration of Periodicals Act, 2023:

1. शीर्षक Title	PARIVAHAN VISHESH
2. पंजीयन संख्या Registration Number	DLENG/26/A0658
3. प्रकाशन की भाषा Periodical Language	ENGLISH
4. आवधिकता Periodicity	DAILY
5. प्रकाशक Publisher	SANJAY KUMAR BATHLA
पता Address	3, PRIYADARSHINI APARTMENT, A-4, PASCHIM VIHAR, NEW DELHI, DELHI - 110063.
6. प्रकाशन का स्थान Place of Publication	3, PRIYADARSHINI APARTMENT, A-4, PASCHIM VIHAR, NEW DELHI, DELHI - 110063.
7. मुद्रक Printer	JUGAL KISHOR GAUR
पता Address	1101, 11TH FLOOR, ANTRIKSH BHAWAN, 22, KASTURBA GANDHI MARG, CONNAUGHT PLACE, NEW DELHI, DELHI - 110001.
8. मुद्रणालय (नाम और पता) Printing Press (Name & Address)	AMAR UJALA LIMITED BUILDING NO-C-21 & 22, SECTOR-59, GAUTAM BUDDHA NAGAR, UTTAR PRADESH - 201301.
9. संपादक Editor	SANJAY KUMAR BATHLA
पता Address	3, PRIYADARSHINI APARTMENT, A-4, PASCHIM VIHAR, NEW DELHI, DELHI - 110063.
10. स्वत्वाधिकारी Owner	SANJAY KUMAR BATHLA
व्यावसायिक पता Business Address	3, PRIYADARSHINI APARTMENT, A-4, PASCHIM VIHAR, NEW DELHI, DELHI - 110063.
11. पंजीकरण की तिथि Registration Date	22/01/2026
12. संशोधित पंजीकरण की तिथि Date of Revised Registration	N/A

Digitally signed
Yogesh Kumar Baweja
22/01/2026 02:26 PM
223320260122142658

PRESS REGISTRAR GENERAL OF INDIA

योगेश कुमार बवेजा / Yogesh Kumar Baweja
प्रेस महापंजीयक / Press Registrar General

Registrtoin No :- DLENG/26/A0658 www.newsparivahan.com India's First Leading English Transport Newspaper

Parivahan Vishesh

Vol. 01, Issue 01, New Delhi, Satuday 28 January 2026, ₹ 5, Page 8

03 NMC data shows India added just 21 doctors in a
06 School Students Visit Delhi Assembly Exhibition
08 'I didn't say give your Nobel to me': Trump

Medical education body makes nationwide faculty attendance tech go high tech

Parivahan Vishesh News

The National Medical Commission (NMC), the organisation that replaced the Medical Council of India in 2020 to oversee, monitor and improve medical education in India, has directed health departments of all states and Union Territories to launch face-based mobile Aadhaar authentication for keeping watch on attendance of faculties with effect from 1 October.

New Delhi. The National Medical Commission (NMC), the organisation that replaced the Medical Council of India in 2020 to oversee, monitor and improve medical education in India, has directed health departments of all states and Union Territories to launch face-based mobile Aadhaar authentication for keeping watch on attendance of faculties with effect from 1 October.

The NMC, in order to leverage latest technology and make the attendance process user-friendly and methodical, has issued the directives to all teaching hospitals and research institutes through a public notice issued by the NMC secretary Dr Raghav Langer, it was stated, "The FACE-based Aadhaar authentication with UIDAI RD (Registered Device) Service is currently in use in various government offices through the NIC (National Informatics Centre)."

Dr Langer directed the medical colleges and institutions to share the GPS location of different points in the college with NMC so that attendance can be marked within a 100-meter radius of a given GPS location in the college.

"A college will have to share GPS locations of points where it wants the convenience of attendance marking via a mobile App," as per the notice marked to all the state and UT health departments. The NMC had last year introduced the AEBAS portal to enhance transparency and reduce manual interference. The idea was to eliminate the need for physical inspections and instead rely on data accuracy and surprise inspections.

All faculty members have to install the FACE-based Aadhaar Authentication App (mobile phone-based) on their mobile phones. The commission further said that the Dean/Principals of all

Nitin Gadkari Sets 5-Year Target To Make India's Auto Industry World's No. 1

Parivahan Vishesh News

New Delhi. Union Minister for Road Transport and Highways Nitin Gadkari recently outlined a bold vision to make India's automobile industry the largest in the world within the next five years. Speaking at the Federation of Automobile Dealers Associations' (FADA) 7th Auto Retail Conclave, Gadkari emphasised that the sector's growth trajectory, cost competitiveness and adoption of new technologies could propel India ahead of the United States and China to become the No. 1 global auto industry by 2030. Also Read Ola Electric CEO Busts EV Myths: Electric Scooters Are 90% Cheaper To Run Than ICE 2Ws Gadkari noted the industry's rapid expansion during his tenure, highlighting that when he assumed office, the sector was valued at around ₹14 lakh crore and ranked seventh globally. India has since overtaken Japan and become the third-largest automobile market, with an industry size of approximately ₹32 lakh crore. The United States remains the largest market at roughly ₹78 lakh crore, followed by China at around ₹49 lakh crore. The minister stressed that India's competitive manufacturing costs and good vehicle quality position it favourably for global leadership. ₹By developing alternative fuels, biofuels, battery chemistries, new technology, and innovation, I am confident that within five years our target is to make India number one in the world. It is difficult, but not impossible,₹ he said. Gadkari outlined several structural strengths that support this ambition. He pointed to India's large and skilled workforce, cost-effective production ecosystem, and the presence of major global automakers with local manufacturing and export operations. These factors, he said, provide a foundation for scaling

production and enhancing India's role as a global manufacturing hub with a strong export focus. Recommended For You Toyota Urban Cruiser Ebella Vs eVitara: Design, Range, Features Compared Clean mobility technologies were central to his remarks. Gadkari emphasised that future growth would be anchored not just in conventional automotive manufacturing but also in electric vehicles, hydrogen, ethanol and other low-carbon fuel technologies. He acknowledged that the transition to greener vehicles would be gradual, noting that established internal combustion demand would continue alongside emerging technologies as part of a broader industry shift. The minister also pointed to India's success in exports, especially in the two-wheeler segment, where production for international markets has expanded significantly. He highlighted that India now hosts production and export operations for numerous global brands, suggesting that export-oriented manufacturing will be a key driver of future growth. While the target of becoming the world's No. 1 automobile industry within five years is ambitious, Gadkari's vision reflects the government's strategic focus on industrial growth, export capacity expansion, and technology adoption as it aims to enhance global competitiveness. However, if this vision can actually be executed is something only time will tell.

School Students Visit Delhi Assembly Exhibition on PM Modi's Journey

A group of school children visited the exhibition titled "Service is the Resolve, India First the Inspiration – 75 Years, An Experience and An Exhibition" underway at the Delhi Legislative Assembly, here today.

Parivahan Vishesh News

New Delhi . Agroup of school children

मोती झील की तरह उपेक्षा का शिकार सुखना झील, अरावली रेंज पर सख्त हुए CJI सूर्यकांत

संजय कुमार बाठला

लखनऊ की मोती झील (हैदरगंज – ऐशबाग) की तरह पर्यावरणीय उपेक्षा का शिकार हो रही चंडीगढ़ की सुखना झील और अरावली रेंज के मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त रुख अपनाता दिख रहा है।

सुनवाई के दौरान भारत के चीफ जस्टिस (CJI) सूर्यकांत ने हरियाणा सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए सवाल किया —

"सुखना झील को और कितना सुखाओगे?" सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि सुखना झील को हो रहे नुकसान के लिए प्रशासनिक लापरवाही के साथ-साथ अधिकारियों और बिल्डर माफिया की मिलीभगत जिम्मेदार है।

कोर्ट ने इस गंभीर पर्यावरणीय क्षति पर नाराज़गी जताते हुए एमिकस क्यूरी से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। कोर्ट ने संकेत दिए कि यदि अरावली रेंज में अंधाधुंध निर्माण, कैचमेंट एरिया की अनदेखी और झीलों के प्राकृतिक जल स्रोतों से छेड़छाड़ इसी तरह जारी रही, तो इसके गंभीर कानूनी परिणाम होंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह मामला केवल सुखना झील तक सीमित नहीं है, बल्कि देश भर में झीलों, जलस्रोतों और हरित क्षेत्रों के विनाश का प्रतीक है — ठीक उसी तरह जैसे लखनऊ की मोती झील वर्षों से सरकारी उपेक्षा झेल रही है।

अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

सारथी शपथ पत्र

Established 1936

NDUFC

सड़क सुरक्षा एवं नशामुक्त ड्राइविंग के लिए संकल्प

मैं, एक जिम्मेदार चालक होने के नाते, ईश्वर/संविधान को साक्षी मानकर यह संकल्प लेता/लेती हूँ कि—

1) मैं हमेशा यातायात नियमों का पूर्ण पालन करूँगा/करूँगी और सुरक्षित व अनुशासित तरीके से वाहन चलाऊँगा/चलाऊँगी।
2) मैं वाहन चलाते समय शराब, नशीले पदार्थों, तंबाकू अथवा किसी भी प्रकार के मादक द्रव्यों का सेवन नहीं करूँगा/करूँगी।
3) मैं कभी भी नशे की हालत में वाहन नहीं चलाऊँगा/चलाऊँगी और दूसरों को भी ऐसा करने से रोकूँगा/रोकूँगी।
4) मैं तेज गति, ओवरलोडिंग, मोबाइल फोन के उपयोग तथा लापरवाही से वाहन चलाने से पूर्णतः परहेज करूँगा/करूँगी।
5) मैं हमेशा सीट बेल्ट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करूँगा/करूँगी तथा सहयात्रियों को भी इसके लिए प्रेरित करूँगा/करूँगी।
6) मैं अपने वाहन की नियमित जाँच करूँगा/करूँगी ताकि वह सड़क पर सुरक्षित रूप से चलने योग्य रहे।
7) मैं सड़क पर पैदल यात्रियों, साइकिल चालकों, बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांगजनों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखूँगा/रखूँगी।
8) मैं सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु जागरूकता फैलाऊँगा/फैलाऊँगी और सड़क सुरक्षा व नशामुक्ति का संदेश समाज तक पहुँचाऊँगा/पहुँचाऊँगी।

मैं यह संकल्प अपने परिवार, समाज और देश की सुरक्षा के हित में पूरे निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का वचन देता/देती हूँ।

जय हिंद।

EICHER NAYI SOCH NAYE RAASTE · DCBA ESTD. 1962 · BARS · ASDC

परिवहन विशेष जनहित विशेष कॉलम

प्रकृति और मानवता का संरक्षण ही हमारा धर्म है (Save Nature and humanity)

पिंकी कुंडू

माता-पिता की सेवा और सत्कार
गुरु की शरण और सम्मान
प्रकृति व अन्य जीवों का संरक्षण
आमजन को समर्पण
यह भगवान की सार्थक व सच्ची भक्ति के स्वरूप हैं।

माता - पिता जिन्होंने हमें आकार दिया है, पहला आहार दिया है। जन्म के ३ से 4 वर्ष तक मैया का दूध, हमारा आहार है।

संस्कार, माता - पिता द्वारा दिए गए संस्कार ही एक सभ्य व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। आधार हमारी जीविका का साधन के साथ साथ समाज में एक सभ्य व्यक्तित्व का निर्माण हमें गुरु से प्राप्त होता है।

मैंने अपने बहुत से लेखों में वर्णन भी किया है भगवान भी जब मानव रूप में पृथ्वी पर आते हैं तो वो भी गुरु से शिक्षा ग्रहण करते हैं फिर चाहे त्रेता युग में गुरु वशिष्ठ और गुरु विश्वामित्र हों या द्वापर में गुरु महर्षि संदीपनी। गुरु की शरण के बिना हमारा जीवन अधुरा और निरर्थक है।

दुसरा है प्रकृति व अन्य जीवों का संरक्षण प्रकृति में मौजूद पंचतत्व (वायु, अग्नि, जल, आकाश और भूमि) जिनके कारण हमारे जीवन का अस्तित्व है।

हम इन पंचतत्वों में से किसी का भी निर्माण नहीं कर सकते हैं
* केवल उनका संरक्षण कर सकते हैं और
* प्रकृति में हर जीव एक-दुसरे पर आधारित है इसलिए हमें अपने साथ साथ अन्य जीवों का संरक्षण भी करना चाहिए।
* हमारा समाज (आमजन) भगवान भी जब मानव रूप में पृथ्वी पर आते हैं तो वो भी अपना जीवन आम समाज के कल्याण में ही व्यतीत करते हैं।
* महलों के वैभव और ऐश्वर्य का त्याग करके, आमजन जैसा जीवन व्यतीत करते हैं।
* अयोध्या के राजा रामचंद्र हों या द्वारका के द्वारकाधीश, जब तक आप आमजन मानस के उत्थान और कल्याण में कोई दायित्व नहीं तो आप का जीवन एक जीवित प्राणी मात्र है।
* सम्मानीय और स्मरणीय वो ही है जिसने आम समाज को अपना जीवन समर्पित कर दिया हो, उदाहरण के लिए
* शहीद-ए-आजम सरदार भगतसिंह
* भूतपूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन डा एपीजे अब्दुल कलाम
* संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर
* लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल
* देश के पहले फिल्ड मार्शल जनरल सैम मानेकशॉ
* सुची में एसे बहुत से महान विभुतियों के नाम है जो आज भी सम्माननीय और स्मरणीय हैं।

इनके पास कोई बहुत बड़ी धन सम्पति तो नहीं थी लेकिन इन्होंने अपना , सम्पूर्ण जीवन समाज को समर्पित कर दिया था। युवा भाईयों और विधार्थियों से (जो पृथ्वी पर मानव सभ्यता का भविष्य हैं) मेरा विशेष अनुरोध है आप ये 4 मंत्र

1. माता-पिता की सेवा,
२. गुरु की शरण और सम्मान,
३. प्रकृति और अन्य जीवों का संरक्षण,
4. आमजन को समर्पण

इनका अनुसरण करते हो तो आज भी वो आपके जीवन रूपी रथ के सारथी बनते हैं। प्रकृति और मानवता का संरक्षण ही हमारा परम धर्म है (Save Nature and humanity)

टेंपल आफ लिबरलाइजेशन एंड वेलफेयर अलाइड ट्रस्ट पंजीकृत
https://tolwa.com/about.html | tolwaindia@gmail.com, tolwadelhi@gmail.com

आज का साइबर सुरक्षा विचार : पुलिस बल के लिए ही नहीं बल्कि हमारे देश के प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व का क्षण

पिंकी कुंडू

प्रो. त्रिवेणी सिंह, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त साइबर अपराध विशेषज्ञ, इज़राइल में आयोजित प्रतिष्ठित साइबरटेक ग्लोबल तेल अवीव 2026 सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह न केवल पुलिस बल के लिए बल्कि हमारे देश के प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व का क्षण है।

अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की साइबर क्षमताओं को प्रदर्शित करने में उनका नेतृत्व भारतीय पुलिस अधिकारियों की बढ़ती ताकत, पेशेवर दक्षता और विशेषज्ञता को उजागर करता है, जो लगातार बदलते साइबर खतरों का सामना कर रहे हैं।

इसका महत्व क्यों है

* वैश्विक पहचानः साइबरटेक ग्लोबल तेल अवीव विश्व के सबसे बड़े और प्रभावशाली साइबर सुरक्षा सम्मेलनों में से एक है, जिसमें नीति-निर्माता, उद्योग जगत के नेता, शोधकर्ता और कानून प्रवर्तन एजेंसियाँ शामिल होती हैं। प्रो. सिंह की उपस्थिति सुनिश्चित करती है कि साइबर अपराध के खिलाफ वैश्विक रणनीतियों को आकार देने में भारत की आवाज़ सुनी जाए।

* राष्ट्रीय गौरवः "एशिया के साइबर कॉप" के रूप में प्रसिद्ध, प्रो. सिंह ने भारत में साइबर अपराध जांच, जागरूकता अभियानों और संस्थागत सुधारों की नींव रखी है। उनका प्रतिनिधित्व भारतीय पुलिसिंग की प्रतिष्ठा को ऊँचा करता है और वैश्विक साइबर लचीलापन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

* संस्थागत शक्तिः यह सम्मेलन भारतीय पुलिस संस्थानों, विशेषकर उत्तर प्रदेश पुलिस की साइबर सुरक्षा क्षमताओं को भी उजागर करेगा, यह दिखाते हुए कि भारतीय बल आधुनिक चुनौतियों का सामना उन्नत उपकरणों, एसओपी और नागरिक-केंद्रित रणनीतियों के साथ कर रहे हैं।

प्रो. त्रिवेणी सिंह की विरासत

* साइबर अपराध विशेषज्ञताः वित्तीय साइबर अपराध प्रबंधन में विशेषज्ञता रखते हुए, प्रो. सिंह ने ऑनलाइन धोखाधड़ी, फ़िशिंग और डिजिटल वित्तीय घोटालों की ऐतिहासिक जांचों का नेतृत्व किया है।

*उन्होंने हजारों अधिकारियों को साइबर फॉरेंसिक और डिजिटल धोखाधड़ी पहचान में प्रशिक्षित किया है।

* जन-जागरूकता एवं पहुँचः उन्होंने नागरिकों और पुलिस के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, यह सुनिश्चित करते हुए कि साइबर अपराध रिपोर्टिंग तंत्र सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी हों।

* उनके अभियानों ने नागरिकों को ऑनलाइन खतरों को पहचानने और उनसे बचने के लिए सशक्त बनाया है।

* मार्गदर्शन एवं नेतृत्वः सेवानिवृत्ति के बाद भी, प्रो. सिंह संस्थानों, अधिकारियों और नागरिकों को साइबर लचीलापन, डिजिटल साक्षरता और सक्रिय अपराध रोकथाम पर मार्गदर्शन देते रहते हैं।

*** भारतीय पुलिस अधिकारियों के लिए प्रभाव**

प्रेरणाः अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनका नेतृत्व सेवा में लगे अधिकारियों को साइबर पुलिसिंग में उत्कृष्टता प्राप्त करने और डिजिटल युग में निरंतर सीखने के महत्व को मजबूत करता है।

दृश्यताः यह दर्शाता है कि भारतीय पुलिस अधिकारी केवल घरेलू स्तर पर कानून लागू नहीं कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक साइबर सुरक्षा संवादों में भी सार्थक योगदान दे रहे हैं।

सहयोगः यह अंतरराष्ट्रीय सहयोग, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और तकनीकी आदान-प्रदान के द्वार खोलता है, जो भारत की साइबर अपराध से लड़ाई को मजबूत करेगा और संस्थागत लचीलापन को बढ़ाएगा।

भारत को साइबर सुरक्षा में अग्रणी बनाइए साइबरटेक ग्लोबल तेल अवीव 2026 में प्रो. त्रिवेणी सिंह का प्रतिनिधित्व केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है — यह वैश्विक साइबर सुरक्षा नेतृत्व में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रतीक है।

यह डिजिटल युग में नागरिकों की सुरक्षा के लिए भारतीय पुलिस अधिकारियों की समर्पित भावना को दर्शाता है और सभी के लिए सुरक्षित साइबरस्पेस बनाने के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

स्वास्थ्य विशेष

स्वास्थ्य आपका कोशिश हमारी

पूजा
(मानसिक स्वास्थ्य विद्यालय परामर्शदाता)

कोकीन (Cocaine) के दुष्प्रभाव: मानसिक स्वास्थ्य और शरीर पर क्या असर डालते हैं? इसी पर आज कुछ विचार साझा करने जा रही हैं मेंटल हेल्थ और स्कूल काउंसलर पूजा

कोकीन एक शक्तिशाली और अवैध नशीला पदार्थ है, जो तुरंत उत्तेजना और ऊर्जा का एहसास कराता है। लेकिन इसका असर बहुत खतरनाक होता है। थोड़े समय के सुख के बदले यह मानसिक स्वास्थ्य और शरीर दोनों को गंभीर नुकसान पहुंचाता है।

मानसिक स्वास्थ्य पर कोकीन के दुष्प्रभाव

चिंता और घबराहट

कोकीन लेने से अत्यधिक बेचैनी, डर और घबराहट हो सकती है। व्यक्ति को बिना कारण डर लगने लगता है।

डिप्रेशन (अवसाद)

नशे का असर खत्म होते ही गहरा अवसाद महसूस हो सकता है। लंबे समय तक सेवन करने से डिप्रेशन स्थायी बन सकता है।

भ्रम और पागलपन जैसे लक्षण

व्यक्ति को ऐसी चीजें दिखना या सुनाई देना जो वास्तव में नहीं होतीं।

आक्रामक व्यवहार

गुस्सा, हिंसक सोच और दूसरों को नुकसान पहुंचाने की प्रवृत्ति बढ़ जाती है।

लत (Addiction)

कोकीन बहुत जल्दी मानसिक निर्भरता पैदा करती है, जिससे इसे छोड़ना बेहद मुश्किल हो जाता है।

शरीर पर कोकीन के दुष्प्रभाव

दिल पर असर

हार्ट अटैक, तेज धड़कन, हाई ब्लड प्रेशर और दिल की धमनियों को नुकसान।

दिमाग को नुकसान

स्ट्रोक, याददाश्त कमजोर होना और निर्णय लेने की क्षमता में कमी।

नाक और फेफड़ों की समस्या

सूंघकर लेने से नाक की अंदरूनी झिल्ली खराब हो जाती है, सांस लेने में दिक्कत हो सकती है।

पाचन तंत्र पर असर

भूख न लगना, वजन कम होना और पेट की गंभीर समस्याएं।

यौन स्वास्थ्य पर असर

यौन इच्छा में कमी और प्रजनन क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव।

लंबे समय तक कोकीन लेने के परिणाम

शरीर का तेजी से कमजोर होना

नींद की गंभीर समस्या

सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों का टूटना

आत्महत्या के विचार

कोकीन का सेवन केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। समय रहते मदद लेना और नशे से दूरी बनाना ही सुरक्षित जीवन की कुंजी है।

यदि आप या आपका कोई परिचित नशे की समस्या से जूझ रहा है, तो किसी स्वास्थ्य विशेषज्ञ या नशा मुक्ति केंद्र से संपर्क करना बहुत जरूरी है।



रोबोटिक - असिस्टेड रैडिकल प्रोस्टेटेक्टॉमी (RARP) क्या है?

रोबोटिक - असिस्टेड रैडिकल प्रोस्टेटेक्टॉमी (RARP) प्रोस्टेट कैंसर के उपचार के लिए की जाने वाली एक अत्याधुनिक न्यूनतम इनवेसिव (Minimally Invasive) शल्य प्रक्रिया है।

इस सर्जरी में पूरा प्रोस्टेट ग्रंथि, उसके आसपास के कुछ ऊतक (जैसे सेमिनल वेसिकल्स) और आवश्यकता पड़ने पर पास के लिम्फ नोड्स को भी हटाया जाता है।

यह तकनीक पारंपरिक लैप्रोस्कोपिक सर्जरी को उन्नत रोबोटिक तकनीक के साथ जोड़ती है, जिससे सर्जरी अधिक सटीक, सुरक्षित और प्रभावी बनती है।

RARP कैसे की जाती है? RARP में सर्जरी प्रत्यक्ष हाथों से नहीं, बल्कि रोबोटिक प्रणाली की सहायता से की जाती है:

* पेट के निचले हिस्से में छोटे-छोटे की-होल (key-hole) चीरे लगाए जाते हैं।

* इन छिद्रों से रोबोटिक भुजाएँ, सूक्ष्म सर्जिकल उपकरण और हाई - डेफिनिशन 3D कैमरा डाला जाता है।

* सर्जन पास ही स्थित एक कंसोल (Console) पर बैठकर इन रोबोटिक भुजाओं को नियंत्रित करता है।

* सर्जन के हाथों की गतिविधियाँ मशीन द्वारा अत्यंत सूक्ष्म, कंपन-रहित (tremor-free) माइक्रो मूवमेंट्स में बदल जाती हैं।

इस प्रकार, प्रोस्टेट को पूरी तरह हटाने का लक्ष्य कम से कम शारीरिक क्षति के साथ प्राप्त किया जाता है।

RARP क्यों की जाती है? (उपयोगिता)

मुख्य उद्देश्य:

1. स्थानीयकृत प्रोस्टेट कैंसर का इलाज या नियंत्रण, जब कैंसर केवल प्रोस्टेट तक सीमित हो।

2. कैंसर को शरीर में फैलने से रोकना और रोगी के जीवन की गुणवत्ता बनाए रखना।

अन्य प्रोस्टेट रोगों में इसका सीमित उपयोग संभव है, लेकिन इसका मुख्य उद्देश्य कैंसर उपचार ही है।

रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी के प्रमुख लाभ पारंपरिक ओपन प्रोस्टेटेक्टॉमी की तुलना में RARP के कई उल्लेखनीय फायदे हैं:

* न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया
* कम दर्द
* छोटे निशान
* अस्पताल में कम समय
* जल्दी सामान्य जीवन में वापसी
* कम रक्तस्राव :- पेट में गैस भरने (Pneumoperitoneum) और सटीक उपकरणों के कारण रक्तस्राव काफी कम होता है।
* बेहतर दृश्यता और सटीकता 3D हाई-डेफिनिशन दृश्य से सर्जन को स्पष्ट और बड़ा दृश्य मिलता है। उपकरणों की गति मानव हाथों से अधिक लचीली और नियंत्रित होती है।

महत्वपूर्ण नसों की सुरक्षा Nerve - sparing techniques की मदद से:

* पेशाब पर नियंत्रण (Urinary Continence)
* यौन क्षमता (Erectile Function) को बेहतर ढंग से संरक्षित किया जा सकता है।
* कम शुरुआती जटिलताएँ बड़े अध्ययनों से सिद्ध हुआ है कि RARP में शुरुआती पोस्ट - ऑपरेटिव जटिलताएँ कम होती हैं।

जोखिम और सावधानियाँ हर बड़ी सर्जरी की तरह RARP में भी कुछ संभावित जोखिम होते हैं:

* रक्तस्राव या संक्रमण
* आसपास के अंगों को क्षति
* अस्थायी या कभी-कभी स्थायी:
* मूत्र असंयम (Urinary Incontinence)
* स्तंभन दोष (Erectile Dysfunction)

इसके अलावा:

1. यह प्रक्रिया कई देशों में महंगी है।

2. लंबे समय के कैंसर नियंत्रण परिणाम सामान्यतः ओपन सर्जरी के समान होते हैं — खासकर अनुभवी सर्जन द्वारा किए जाने पर।

नवीनतम प्रगति और अत्याधुनिक विकास रोबोटिक प्रोस्टेट सर्जरी निरंतर विकसित हो रही है:

1. सिंगल-पोर्ट रोबोटिक सिस्टम
* पूरी सर्जरी एक ही छोटे चीरे से
* कम दर्द, कम संक्रमण
* कुछ मामलों में डे-केयर सर्जरी संभव
2. उन्नत फंक्शनल तकनीकें
* Retzius-sparing surgery
* Advanced nerve-sparing approaches

पेशाब नियंत्रण और यौन स्वास्थ्य की तेज़ और बेहतर रिकवरी

भारत में हालिया क्लिनिकल उपयोग से:

* जल्दी कंटिनेंस
* न्यूनतम जटिलताएँ

देखी गई हैं।

3. बढ़ता हुआ उपयोग क्षेत्र अब सावधानीपूर्वक चयनित मामलों में लोकली एडवांस्ड प्रोस्टेट कैंसर में भी उपयोग

वास्तविक जीवन (real-world) परिणाम आशाजनक

4. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और सर्जिकल एनालिटिक्स
* रियल-टाइम सर्जिकल फीडबैक
* सर्जिकल वीडियो का विश्लेषण
* नसों की सुरक्षा और परिणामों की भविष्यवाणी

सर्जन प्रशिक्षण और व्यक्तिगत उपचार योजना में क्रांति

5. हाइब्रिड और डुअल-रोबोट तकनीक अलग-अलग रोबोटिक प्रणालियों का संयुक्त उपयोग, अत्यधिक सटीकता और कम चीरे (हालाँकि अभी प्रयोगात्मक स्तर पर)

संक्षेप में Robotic - Assisted Radical Prostatectomy (RARP) है:

1. प्रोस्टेट कैंसर के लिए एक उन्नत न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी
2. उच्च सटीकता, कम शारीरिक क्षति और तेज़ रिकवरी के लिए डिज़ाइन
3. कैंसर नियंत्रण में पारंपरिक सर्जरी के समान प्रभावी
4. निरंतर विकसित होती तकनीक, जिससे भविष्य में परिणाम और बेहतर होंगे
5. आने वाले वर्षों में रोबोटिक सर्जरी के कई चिकित्सा क्षेत्रों में मानक उपचार बनने की पूरी संभावना है।

बथुआ साग: सर्दियों का देसी सुपरफूड, सेहत और खेती दोनों के लिए वरदान

सर्दियों का मौसम आते ही हरी सब्जियों की बहार आ जाती है। इन्हीं में एक बेहद गुणकारी, सस्ती और स्वादिष्ट सब्जी है — बथुआ साग (Bathua Saag)।

यह प्राकृतिक रूप से गेहूं और सरसों के खेतों में उगता है, लेकिन अब इसकी व्यवस्थित खेती भी बड़े स्तर पर की जाने लगी है। ग्रामीण भारत में बथुआ वर्षों से भोजन और औषधि दोनों रूपों में प्रयोग होता आ रहा है।

पोषण का खजाना है बथुआ बथुआ साग विटामिन और खनिज तत्वों से भरपूर होता है। इसमें प्रमुख रूप से पाए जाते हैं:

विटामिन A, C, K, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम और फाइबर।

इसी कारण इसे आयुर्वेद में भी अत्यंत लाभकारी माना गया है।

बथुआ साग के प्रमुख स्वास्थ्य लाभ

* एनीमिया में लाभकारी – आयरन की भरपूर मात्रा खून की कमी दूर करने में सहायक।
* हड्डियां और दांत मजबूत – कैल्शियम और विटामिन K हड्डियों को ताकत देते हैं।
* पाचन तंत्र दुरुस्त – फाइबर कब्ज, गैस और अपच में राहत देता है।
* इम्यूनिटी बढ़ाता है – विटामिन C रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करता है।
* त्वचा रोगों में लाभ – खुजली, फोड़े-फुंसी और चर्म रोगों में सहायक।
* किडनी के लिए उपयोगी – किडनी स्टोन व संक्रमण में मददगार।
* लिवर और हृदय के लिए लाभकारी – शरीर की अंदरूनी सफाई में सहायक।

स्वाद और सेहत का अनोखा संगम बथुआ से अनेक स्वादिष्ट

व्यंजन बनाए जाते हैं —
* बथुआ का साग
* बथुआ पराठा
* बथुआ रायता
* टमाटर के साथ बथुआ की सब्जी

स्वाद के साथ-साथ यह शरीर को गर्माहट और ऊर्जा भी देता है, जो सर्दियों में बेहद लाभकारी है।

बथुआ की खेती: कम लागत, अच्छा लाभ आज किसान बथुआ को एक कम लागत और जल्दी तैयार होने वाली फसल के रूप में अपना रहे हैं।

* **मौसम:** मुख्यतः सर्दी (अक्टूबर–नवंबर बुवाई, जनवरी–मार्च कटाई)
* मिट्टी: दोमट या बलुई दोमट, अच्छी जल निकासी वाली
* बुवाई: सीधे खेत में छिड़काव विधि से
* बीज दर: 4–6 किलो प्रति हेक्टेयर
* दूरी: पौधा से पौधा 20–25 सेमी, लाइन से लाइन 30 सेमी
* सिंचाई: पहली सिंचाई 20–25 दिन बाद, फिर आवश्यकता अनुसार
* खाद: गोबर की खाद के साथ हल्की मात्रा में यूरिया/डीएपी
* फसल अवधि: 40–60 दिन में पहली कटाई, फिर 2–3 कटाइयाँ संभव

बथुआ की बाजार में अच्छी मांग रहती है और इसका भाव आमतौर पर 40 से 80 रुपये प्रति किलो तक मिल जाता है।

सावधानी हालांकि बथुआ बहुत लाभकारी है, लेकिन अधिक मात्रा में सेवन करने से कुछ लोगों को गैस या पेट संबंधी समस्या हो सकती है। इसलिए इसे संतुलित मात्रा में ही खाना चाहिए।

बथुआ साग केवल एक सब्जी नहीं, बल्कि प्रकृति का वरदान है। यह सेहत, स्वाद और किसानों की आय — तीनों के लिए लाभकारी है।

इस सर्दी अपने भोजन में बथुआ को जरूर शामिल करें और प्राकृतिक सुपरफूड का लाभ उठाएं।

कैंसर का चक्रव्यूह — आधुनिक विज्ञान से आयुर्वेद तक, क्या है इस लाइलाज डर की हकीकत?

आज की दुनिया में 'कैंसर' सिर्फ एक बीमारी नहीं, बल्कि एक ऐसा शब्द है जो अच्छे - भले इंसान को अंदर तक झकझोर देता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कैंसर कोई बाहरी दुश्मन नहीं, बल्कि हमारे अपने ही शरीर की बागी कोशिकाएं हैं?

चिकित्सा विज्ञान में हुई क्रांति और आयुर्वेद के प्राचीन ज्ञान ने आज इस बीमारी के प्रति हमारा नज़रिया बदला है।

अब सवाल सिर्फ इलाज का नहीं, शरीर को इलाज के योग्य बनाने का भी है।

कैंसर क्या है और क्यों होता है? (The Biological Breakdown) सरल शब्दों में कहें तो, कैंसर तब होता है जब शरीर की कोशिकाएं पुराने नियमों को तोड़कर अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं। सामान्य स्थिति में कोशिकाएं मरती हैं और नई कोशिकाएं बनती हैं, लेकिन कैंसर में यह सेलुलर बैलेंस बिगड़ जाता है।

सेलुलर बैलेंस बिगड़ने के मुख्य कारण:

* जेनेटिक म्यूटेशन (DNA Damage): तंबाकू, रेडिएशन, रसायन
* जीवनशैली: प्रोसेस्ड फूड, मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता
* कार्सिनोजेन्स: प्रदूषण, कीटनाशक, प्लास्टिक
* संक्रमण: HPV, Hepatitis B & C

ध्यान देने योग्य बात यह है कि

इनमें से ज़्यादातर कारण पोषण, इम्यूनिटी और डिटॉक्स सिस्टम से सीधे जुड़े हुए हैं।

किन अंगों में होता है सबसे ज्यादा खतरा? WHO के अनुसार:

पुरुषों में:
* फेफड़े
* मुंह
* प्रोस्टेट

महिलाओं में:
* स्तन
* गर्भाशय ग्रीवा

अन्य:
* आंत (Colon)
* लिवर
* ब्लड कैंसर

इन सभी में एक कॉमन फैक्टर है:

शरीर की प्रतिरोधक क्षमता और पोषण स्थिति।

क्या आयुर्वेद में है इसका उपचार? (The Truth of Ayurveda) आयुर्वेद कैंसर को 'अर्बुद' कहता है।

जहाँ आधुनिक चिकित्सा ट्यूमर को टारगेट करती है, वहीं आयुर्वेद इम्यूनिटी, अग्नि (Metabolism) और शरीर की रिकवरी क्षमता पर काम करता है।

सच्चाई: * एडवांस स्टेज में आयुर्वेद को अकेला इलाज मानना जोखिम भरा हो सकता है लेकिन एडजुवेंट थेरेपी के रूप में इसका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है

आयुर्वेद + सही न्यूट्रिशन

= इलाज को सहने की शक्ति

= साइड-इफेक्ट्स से उबरने में मदद

प्रमुख जड़ी-बूटियाँ: हल्दी, गिलोय, अश्वगंधा, तुलसी (जो शरीर की सूजन, थकान और इम्यून स्ट्रेस को संतुलित करने में सहायक मानी जाती हैं)

आहार और सावधानियां:

बचाव ही सबसे बड़ा इलाज (Diet & Nutrition Awareness) यहाँ सबसे

ज़रूरी बात आती है — इलाज के साथ शरीर को रोज़ क्या मिल रहा है? और क्या खाएं?

* **क्रूसिफेरस सब्जियां:** ब्रोकली, पत्तागोभी
* **एंटीऑक्सीडेंट फल:** बेरीज, अनार, सिट्रस
* **साबुत अनाज:** फाइबर युक्त
* **ग्रीन टी:** पॉलीफेनोल्स से भरपूर

यह सब तभी असर करता है जब

भोजन नियमित हो, मात्रा सही हो और शरीर उसे पचा सके।

क्या न करें? (Precautions)

* अत्यधिक चीनी और नमक
* प्लास्टिक में गर्म भोजन
* तंबाकू और शराब

ये तीनों इम्यून सिस्टम के सबसे बड़े दुश्मन हैं।

दुर्लभ लेकिन सच

* हाथियों में कैंसर कम क्यों होता है? क्योंकि उनमें p53 जीन ज़्यादा होता है — जो कोशिकाओं की सुरक्षा करता है।
* 12–16 घंटे का नियंत्रित उपवास (Autophagy) शरीर की सफाई प्रक्रिया को सक्रिय करता है।

निष्कर्ष (सबसे ज़रूरी हिस्सा) कैंसर का सामना सिर्फ दवाओं से नहीं होता।

उसके लिए शरीर को चाहिए:
* ताकत
* पोषण
* संतुलन
* निरंतर मार्गदर्शन

1. आधुनिक विज्ञान की सटीकता,
2. आयुर्वेद की सुरक्षा, और
3. व्यक्तिगत न्यूट्रिशन प्लानिंग —

तीनों का तालमेल ही वास्तविक रास्ता है।

अगर आप या आपके परिवार में कोई इस स्थिति से जूझ रहा है... तो सिर्फ जानकारी पढ़कर रुकना काफ़ी नहीं, ज़रूरी है यह समझना:

* शरीर को अभी क्या चाहिए
* क्या चीज़ कमज़ोरी बढ़ा रही है
* और कैसे पोषण को इलाज का सहायक बनाया जाए

अगर आप चाहते हैं कि कोई आपको

नियमों के भीतर, बिना झूठे वादों के, सही दिशा दिखाए, तो Nutrition & Health Coaching लेना एक समझदारी भरा कदम हो सकता है।

ब्रह्म और चेतना: आत्म-साक्षात्कार का सार

पिंकी कुंडू



अध्यात्म के मार्ग पर यदि इन पाँच स्तंभों को आत्मसात कर लिया जाए, तो समस्त शास्त्रों, गीता और उपनिषदों का सार समझ में आ जाता है। फिर किसी अन्य ग्रंथ के अध्ययन की आवश्यकता शेष नहीं रह जाती, क्योंकि ऋषि-मुनि और योगी इन्हीं सत्यों की व्याख्या करते हैं।

1. पंच महावाक्यः अद्वैत का आधार ये वाक्य केवल शब्द नहीं, बल्कि ब्रह्मांडीय सत्य के अनुभव हैं:

* सर्वं खल्विदं ब्रह्मः निश्चय ही यह सब कुछ ब्रह्म है।
* अहं ब्रह्मास्मिः मैं ही ब्रह्म हूँ।
* अयम्-आत्मा ब्रह्मः यह आत्मा ही ब्रह्म है।
* तत्त्वमसिः वह (परमात्मा) तुम ही हो।
* प्रज्ञानं ब्रह्मः बोध या शुद्ध चेतना ही ब्रह्म है।

2. चेतना का रूपांतरण और इष्ट-साधना जब साधक अपनी एकाग्रता और ध्यान को किसी विशेष 'इष्ट' के रूप में केंद्रित करता है, तो उसकी चेतना उसी रूप को धारण करने लगती है। यह साधना की वह पराकाष्ठा है जहाँ साधक और साध्य का भेद समाप्त होने लगता है:

* गुरु-ध्यानः यदि ध्यान गुरु के स्वरूप में हो, तो चेतना गुरु-तत्त्व में विलीन होने लगती है।
* समर्पण की शक्तिः यदि पूर्ण समर्पण के साथ ध्येय (लक्ष्य) को जोड़ा जाए, तो चाहे स्वरूप भौतिक हो या सूक्ष्म, उसका दर्शन सुलभ हो जाता है।
* ऐतिहासिक उदाहरणः इसी विधा के बल पर एकलव्य ने द्रोणाचार्य की प्रतिमा से वह ज्ञान प्राप्त किया जो साक्षात उपस्थिति में भी दुर्लभ था।

3. सूक्ष्म जगत से संबंध समस्त संतों और महात्माओं ने समाधि के माध्यम से इसी चेतना-शक्ति का उपयोग किया है। इसी मार्ग से उन्होंने सृष्टि में सूक्ष्म रूप से विद्यमान अदृश्य महात्माओं, योगियों और इष्टों के साथ अपने मानसिक और आत्मिक संबंध स्थापित किए हैं।

4. साकार से निराकारः श्रीकृष्ण का संदेश श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने स्पष्ट किया है कि भक्त उनके साकार रूप का ध्यान करते हैं, जबकि योगी उनके निराकार स्वरूप की उपासना करते हैं।

* एक मार्ग 'द्वैत' (भक्त और भगवान) के दर्शन कराता है, तो
* दूसरा 'अद्वैत' (अभेद) की स्थिति तक ले जाता है।

निष्कर्षः अपनी आत्मा और चेतना को ही अपना इष्ट, अपना गुरु और साक्षात ब्रह्म स्वीकार करें। स्वयं को जानना ही परमात्मा को जानना है।

भगवान शंकर के पूर्ण रूप काल भैरव

पिंकी कुंडू

ॐ नमः शम्भवाय च मयोभवाय च नमः शंकराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च। तव तत्वं न जानामि कीदृशोऽसि महेश्वर। यादशोसि महादेव तादृशाय नमोनमः॥ त्रिनेत्राय नमज्ञतुभ्यं उमादेहार्धधारिणे।

भगवान शंकर के पूर्ण रूप काल भैरव एक बार सुमेरु पर्वत पर बैठे हुए ब्रम्हाजी के पास जाकर देवताओं ने उनसे अविनाशी तत्व बताने का अनुरोध किया। शिवजी की माया से मोहित ब्रह्माजी उस तत्व को न जानते हुए भी इस प्रकार कहने लगे - मैं ही इस संसार को उत्पन्न करने वाला स्वयंभू, अजन्मा, एक मात्र ईश्वर, अनादी भक्ति, ब्रह्म घोर निरंजन आत्मा हूँ।

मैं ही प्रवृति उर निवृति का मूलाधार, सर्वलीन पूर्ण ब्रह्म हूँ। ब्रह्मा जी ऐसा की पर मुनि मंडली में विद्यमान विष्णु जी ने उन्हें समझाते हुए कहा की मेरी आज्ञा से तो तुम सृष्टी के रचियता बने हो, मेरा अनादर करके तुम अपने प्रभुत्व की बात कैसे कर रहे हो ?

इस प्रकार ब्रह्मा और विष्णु अपना-अपना प्रभुत्व स्थापित करने लगे और अपने पक्ष के समर्थन में शास्त्र वाक्य उद्घृत करने लगे। अंततः वेदों से पूछने का निर्णय हुआ तो स्वरुप धारण करके आये चारों वेदों ने क्रमशः अपना मत६ इस प्रकार प्रकट किया -

ऋग्वेद- जिसके भीतर समस्त भूत निहित हैं तथा जिससे सब कुछ प्रवत्त होता है और जिसे परमात्व कहा जाता है, वह एक रूद्र रूप ही है।

यजुर्वेद- जिसके द्वारा हम वेद भी प्रमाणित होते हैं तथा जो ईश्वर के संपूर्ण यज्ञों तथा योगों से भजन किया जाता है, सबका दृष्टा वह एक शिव ही हैं।

लसामवेद- जो समस्त संसारी जनों को भरमाता है, जिसे योगी जन ढूँढ़ते हैं और जिसकी भांति से सारा संसार प्रकाशित होता है, वे एक त्र्यम्बक शिवजी ही हैं।

अथर्ववेद- जिसकी भक्ति से साक्षात्कार होता है और जो सब या सुख - दुःख अतीत अनादी ब्रम्ह हैं, वे केवल एक शंकर जी ही हैं।

विष्णु ने वेदों के इस कथन को प्रताप बताते हुए नित्य शिवा से रमण करने वाले, दिगंबर पीतवर्ण धूलि धूसरित प्रेम नाथ, कुवेटा धारी, सर्वा वेष्टित, वृपन वाही, निःसंग,शिवजी को पर ब्रम्ह मानने से इनकार कर दिया। ब्रम्हा-विष्णु विवाद को सुनकर ओंकार ने शिवजी की ज्योति, नित्य और सनातन परब्रम्ह बताया परन्तु फिर भी शिव माया से मोहित ब्रम्हा विष्णु की बुद्धि नहीं बदली।

उस समय उन दोनों के मध्य आदि अंत रहित एक ऐसी विशाल ज्योति प्रकट हुई की उससे ब्रम्हा का पंचम सिर जलने लगा। इतने में त्रिशूलधारी नील-लोहित शिव वहां प्रकट हुए तो अज्ञानतावश ब्रम्हा उन्हें अपना पुत्र समझकर अपनी शरण में आने को कहने लगे।

ब्रम्हा की संपूर्ण बातें सुनकर शिवजी अत्यंत क्रुद्ध हुए और उन्होंने तत्काल भैरव को प्रकट कर उससे ब्रम्हा पर शासन करने का आदेश दिया। आज्ञा का पालन करते हुए भैरव ने अपनी बायीं ऊँगली के नखाग्र से ब्रम्हाजी का पंचम सिर काट डाला। भयभीत ब्रम्हा शत रुद्री का पाठ करते हुए शिवजी के शरण हुए।ब्रम्हा और विष्णु दोनों को सत्य की प्रतीति हो गयी और वे दोनों शिवजी की महिमा का गान करने लगे। यह देखकर शिवजी शांत हुए और उन दोनों को अभयदान दिया।

इसके उपरान्त शिवजी ने उसके भीषण होने के कारण भैरव और काल



को भी भयभीत करने वाला होने के कारण काल भैरव तथा भक्तों के पापों को तत्काल नष्ट करने वाला होने के कारण पाप भक्षक नाम देकर उसे काशीपुरी का अधिपति बना दिया। फिर कहा की भैरव तुम इन ब्रम्हा विष्णु को मानते हुए ब्रम्हा के कपाल को धारण करके इसी के आश्रय से भिक्षा वृति करते हुए वाराणसी में चले जाओ। वहां उस नगरी के प्रभाव से तुम ब्रम्ह हत्या के पाप से मुक्त हो जाओगे।

शिवजी की आज्ञा से भैरव जी हाथ में कपाल लेकर ज्योंही काशी की ओर चले, ब्रम्ह हत्या उनके पीछे पीछे हो चली। विष्णु जी ने उनकी स्तुति करते हुए उनसे अपने को उनकी माया से मोहित न होने का वरदान माँगा। विष्णु जी ने ब्रम्ह हत्या के भैरव जी के पीछा करने की माया पूछना चाही तो ब्रम्ह हत्या ने बताया की वह तो अपने आप को पवित्र और मुक्त होने के लिए भैरव का अनुसरण कर रही है।

भैरव जी ज्यों ही काशी पहुंचे त्यों ही उनके हाथ से चिमटा और कपाल छूटकर पृथ्वी पर गिर गया और तब से उस स्थान का नाम कपालमोचन तीर्थ पड़ गया। इस तीर्थ में जाकर सविधि पिंडदान और देव-पितृ-तर्पण करने से मनुष्य ब्रम्ह हत्या के पाप से निवृत हो जाता है।

*जहाँ शिव का वैराग्य है, वहाँ पार्वती का स्नेह है।

*जहाँ शिव की स्थिरता है, वहाँ पार्वती की शक्ति है।

जीवन तब संतुलित होता है जब साधना के साथ संवेदना, और शक्ति के साथ शांति का संगम होता है।

संघर्ष में धैर्य रखो, कर्म में विश्वास रखो - हर परीक्षा के बाद कल्याण निश्चित है।

"ॐ नमः शिवाय शान्तिरूपाय।
उमापतये नमः सिद्धिदायिने।
गणेश-स्कन्द-समेताय
सर्वमङ्गलकारिणे॥"

ॐ नमो भगवते रूद्राय हर हर महादेव

बाबा भोलेनाथ जी की कृपा आप पर

और आपके परिवार पर सदैव बनी रहे !

एक ही वृक्ष मिरिस्टिका फ्रैग्रैन्स से प्राप्त जायफल और जावित्री

पिंकी कुंडू

जायफल और जावित्री दोनों एक ही वृक्ष मिरिस्टिका फ्रैग्रैन्स से प्राप्त होने वाले अत्यंत मूल्यवान मसाले हैं। यह वृक्ष मूल रूप से इंडोनेशिया के मोलुकास द्वीपों का देशज है, लेकिन आज चीन, मलेशिया, भारत, श्रीलंका और दक्षिणी अमेरिका के कई क्षेत्रों में भी व्यापक रूप से उगाया जाता है। यह वृक्ष सदाबहार होता है और इसकी पत्तियों में प्राकृतिक सुगंध मौजूद रहती है।

इसके फल छोटी नाशपाती के समान होते हैं। पकने पर फल दो हिस्सों में फट जाता है और अंदर लाल/सिंदूरी रंग की जालीदार परत दिखाई देती है, जिसे जावित्री कहते हैं। जावित्री के अंदर एक कठोर खोल होता है, जिसके भीतर वास्तविक जायफल पाया जाता है। एक ही फल से यह दोनों मसाले प्राप्त होते हैं। नया पौधा लगभग 7–8 वर्ष में फल देना शुरू करता है।

कब और कैसे लगाएँ? उपयुक्त समय जायफल का पौधा लगाने का सबसे अच्छा समय जून–जुलाई, यानी मानसून की शुरुआत है। गर्म और नम जलवायु में यह वृक्ष तेजी से बढ़ता है और अच्छी तरह विकसित होता है।

बीज से पौधा तैयार करना पके हुए फलों से ताज़ा बीज निकालें। बीज को अधिक देर न रखें, क्योंकि इसकी अंकुरण क्षमता जल्दी कम हो जाती है। बीज को छाया वाली जगह में बोएं। सामान्यतः 4–6 सप्ताह में अंकुरण शुरू हो जाता है।

कलम द्वारा पौधा तैयार करना मादा पौधों की संख्या बढ़ाने के लिए वनस्पति उद्यानों में छोटे पौधों पर मादा वृक्ष की टहनी की कलम लगाई जाती है। इससे फल जल्दी आते हैं और उत्पादन में सुधार होता है।

शुरुआत के 2–3 साल तक पौधे को गमले में उगाया जा सकता है, लेकिन बाद में इसे जमीन में लगाना बेहतर है, क्योंकि यह वृक्ष बड़ा होता है।

मिट्टी, जगह और सिंचाई जायफल के लिए हल्की, उपजाऊ, दोमट और अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी सर्वोत्तम होती है। मिट्टी में भरपूर जैविक खाद होनी चाहिए। पौधे को हल्की छाया पसंद है, पर पूरी छाया में इसकी वृद्धि धीमी पड़ सकती है।

गर्मियों में नियमित हल्की सिंचाई दें। मिट्टी को हमेशा नमीदार रखें, पर जलभराव न होने दें। साल में दो बार गोबर खाद, नीम खली या अन्य जैविक खाद देकर पौधे की वृद्धि को बेहतर बनाया जा सकता है। तेज धूप और तेज हवाओं से पौधे की रक्षा करें, क्योंकि यह धीरे-धीरे बढ़ने वाली प्रजाति है।



जायफल और जावित्री के फायदे जायफल और जावित्री दोनों के फायदे अलग-अलग होते हैं।

दोनों एक ही फल से आते हैं, लेकिन स्वभाव, प्रभाव और उपयोग अलग हैं।

जायफल के फायदे जायफल बीज होता है और इसका प्रभाव थोड़ा गर्म, शांत करने वाला और पाचन सुधारने वाला होता है।

पाचन के लिए श्रेष्ठ पाचन को सामान्य करता है। गैस, अपच, दस्त, पेट दर्द में राहत।

नींद लाने में मदद रात्रि में दूध में चुटकी भर जायफल नींद सुधारने में उपयोगी हैं।

दर्द और सूजन में राहत जोड़, मांसपेशियों, सिरदर्द में लाभ देता है।

तनाव और चिंता कम दिमाग को शांत करता है

त्वचा के लिए इसके एंटीबैक्टीरियल गुण मुंहासे कम करके चेहरे की चमक बढ़ाता है

पुरुष स्वास्थ्य प्राकृतिक शक्ति और ऊर्जा बढ़ाने में सहायक।

जावित्री के फायदे जावित्री बीज के ऊपर की लाल झिल्ली है। इसका प्रभाव सुगंधित, पाचक और रक्त-संचार बढ़ाने वाला होता है।

भूख बढ़ाने और पाचन सुधारने में खाने में सुगंध देकर पाचन एंजाइम बढ़ाती है। गैस, पेट फूलना, अपच में उपयोगी होता है।

एंटीबैक्टीरियल गुण संक्रमण, फंगल, बैक्टीरिया से लड़ने में सहायक हैं।

रक्त संचार में सुधार थकान और कमजोरी में लाभ मिलता है। शरीर में गर्माहट बढ़ाती है

दर्द निवारक जावित्री का तेल मांसपेशियों के दर्द, जोड़ों के दर्द में उपयोग है।

* महिलाओं के लिए लाभकारी * शरीर को गर्माहट देता है। मासिक धर्म के दर्द में राहत मिलता है।

स्वाद और सुगंध बढ़ाने में सर्वश्रेष्ठ बिरयानी, सूप, सॉस में उपयोगी हैं। रंग व सुगंध दोनों बढ़ाती है

जायफल और जावित्री में मुख्य अंतर जायफल और जावित्री भले ही एक ही फल से आते हैं, लेकिन दोनों का स्वाद, उपयोग और औषधीय प्रभाव अलग-अलग होता है।

* जायफल एक कठोर बीज होता है जिसका स्वाद हल्का मीठा और प्रभाव अधिक गर्म माना जाता है। यह नींद सुधारने, तनाव कम करने, पाचन सुधारने और दर्द में राहत देने में विशेष रूप से उपयोगी है।

* जायफल का प्रयोग मिठाइयों, दूध और हल्के व्यंजनों में किया जाता है। इसकी दैनिक मात्रा –1 ग्राम पर्याप्त है, इससे अधिक मात्रा नहीं लेनी चाहिए।

दूसरी ओर,

* जावित्री बीज के बाहर की सुगंधित लाल परत होती है। यह जायफल की तुलना में अधिक सुगंधित और हल्की तीखी होती है। इसका प्रभाव रक्त संचार बढ़ाने, पाचन सुधारने और भोजन की सुगंध बढ़ाने में प्रमुख है।

* इसका उपयोग बिरयानी, पुलाव, गरम मसाला, सूप और मसालेदार व्यंजनों में अधिक होता है।

इस प्रकार, भले ही दोनों एक ही वृक्ष से प्राप्त होते हैं, उनके औषधीय गुण, स्वाद और पाक उपयोग स्पष्ट रूप से अलग हैं।

भारत के 50 सबसे प्रसिद्ध मेले

पिंकी कुंडू

उत्तर भारत
1. कुंभ मेला - प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक
2. माघ मेला - प्रयागराज
3. पुष्कर मेला - पुष्कर, राजस्थान
4. सोनपुर मेला - सोनपुर, बिहार
5. सूरजकुंड मेला - फरीदाबाद,
6. हेमिस गोम्पा मेला - लद्दाख
7. होला मोहल्ला - आनंदपुरसाहिब
8. नंदा देवी राज जात- उत्तराखंड
9. गंगा सागर मेला - पश्चिम बंगाल
10. दशहरा मेला - कुल्लू, हिमाचल प्रदेश

पश्चिम भारत
11. गणगौर मेला - राजस्थान, गुजरात
12. रण उत्सव - कच्छ, गुजरात
13. तरणेतर मेला - गुजरात
14. बाणगंगा मेला - राजस्थान
15. मारवाड़ समारोह - जोधपुर,
16. डेजर्ट फेस्टिवल - जैसलमेर,
17. गणेश चतुर्थी - महाराष्ट्र

दक्षिण भारत
18. ओणम - केरल
19. पोंगल - तमिलनाडु
20. हंपी उत्सव - कर्नाटक
21. मैसूर दशहरा - कर्नाटक
22. थ्रिसूर पूरम - केरल
23. अट्टुकल पोंगल - केरल
24. महामहम - तमिलनाडु
25. रथ यात्रा - पुरी, ओडिशा
26. दुर्गा पूजा - पश्चिम बंगाल
27. बिहु-असम
28. हॉर्नबिल फेस्टिवल - नागालैंड
29. लोसार फेस्टिवल - अरुणाचल
30. अंबुबाची मेला - असम
31. सागा दावा - सिक्किम

उत्तर-पूर्व भारत
32. खर्ची पूजा - त्रिपुरा
33. मोआत्सु मोंग नागालैंड
34. वांगला महोत्सव - मेघालय
35. चापचर कुट - मिजोरम

अन्य प्रसिद्ध मेले
36. श्रावणी मेला - देवघर, झारखंड
37. पितृ पक्ष मेला गया, बिहार
38. कामाख्या मेला असम
39. बाबा श्याम मेला - सीकर, राजस्थान
40. नागौर मेला - राजस्थान
41. मेदाराम जतारा - तेलंगाना
42. चित्र विचित्र मेला - गुजरात
43. बनेश्वर मेला - राजस्थान
44. चंद्रभागा मेला - ओडिशा
45. कार्निवल - गोवा
46. नौचंदी मेला - मेरठ, उत्तर प्रदेश
47. बटेश्वर मेला आगरा, उत्तर प्रदेश
48. कपाल मोचन मेला - हरियाणा
49. गंगा मेला - कानपुर, उत्तर प्रदेश
50. कजरी तीज - उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश

कैल्शियम कहां से प्राप्त करें (आयुर्वेदिक शास्त्र एवं ज्ञान)

पिंकी कुंडू

अगर आप दूध पीना पसंद नहीं करते हैं, तो नीचे वर्णित चीजों को खाने से केल्शियम कि कमी पूरी हो सकती है।

मनुष्य के लिए कैल्शियम अति आवश्यक है। आइए जानते हैं कैल्शियम कहां से प्राप्त करें:

1. बीज अलसी, कद्दू और तिल के बीज कैल्शियम के अच्छे स्रोत होते हैं। इनमें कैल्शियम के साथ-साथ प्रोटीन और ओमेगा-3 फैटी एसिड भी पर्याप्त मात्रा में होता है।

2. दही एक कप सादे दही में 30 प्रतिशत कैल्शियम के साथ-साथ फास्फोरस, पोटेशियम, विटामिन B2 और B12 होता है, इसीलिए यदि आपको दूध नहीं पसंद तो आप दही खा सकते हैं।

3. बीन्स एक कप बीन्स में 24 प्रतिशत तक कैल्शियम होता है इसीलिए बीन्स को आपनी डाइट में शामिल करने से शरीर में कैल्शियम की कमी पूरी हो जाती है।

4. पनीर पनीर में भी भरपूर मात्रा में कैल्शियम होता है। पनीर सेवन करने से शरीर में कैल्शियम के साथ-साथ प्रोटीन की भी कमी भी पूरी हो जाती है।

5. बादाम बादाम खाने से भी हड्डियां मजबूत होती है क्योंकि इसमें भी कैल्शियम पाया जाता है।

6. पालक पालक में भी भरपूर मात्रा में कैल्शियम होता है। 100 ग्राम पालक में 99 मि.ली कैल्शियम होता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हफ्ते में कम से कम 3 बार पालक जरूर खाएं।

7. सोया दूध या टोफू अगर आपको दूध पीना पसंद नहीं है तो आप सोया दूध या टोफू को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इनका स्वाद दूध के स्वाद से काफी अलग होता है। इनमें कैल्शियम प्रचुर मात्रा में होता है।

8. भिंडी एक कटोरी भिंडी में 40 ग्राम कैल्शियम होता है। भिंडी को हफ्ते में दो बार खाने से दांतों खराब नहीं होते और हड्डियां भी मजबूत होती हैं।

समाधान शिविर जिलावासियों के लिए हो रहे लाभकारी साबित : डीसी

सुशासन नीति को सशक्त करने में समाधान शिविर मजबूत कड़ी

परिवहन विशेष न्यूज

झज्जर, 22 जनवरी। नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निपटारे के उद्देश्य से वीरवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए अविलंब समाधान के निर्देश दिए।

डीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार की पहल पर आयोजित समाधान शिविर नागरिकों के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर की पहल से नागरिकों को अपनी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर मिल रहा है। शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डीसी ने समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों को समयबद्ध और प्रभावी समाधान प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे न केवल लोगों की समस्याओं को सुनने का अवसर मिलता है, बल्कि प्रशासनिक कार्यप्रणाली को भी अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जा सकता है। यह शिविर शासन की सुशासन नीति को सशक्त करने में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए, ताकि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। समाधान शिविर में नौ समस्याएं रखी गई।

इस अवसर पर एडीसी जगनिवास, एसडीएम झज्जर अंकित कुमार चौकसे आईएएस, सीटीएम नमिता कुमारी, सीईओ जिला परिषद मनीष फोगाट, डीआरओ मनबीर, डीडीपीओ निशा तंवर, एसीपी अनिल कुमार, सीएम विंडों एमीनेंट पर्सन सज्जन गुर्जर व कष्टा निवारण कमेटी के मेंबर गौरव सैनी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यालयों में सफाई व्यवस्था का ध्यान रखें अधिकारी-कर्मचारी : डीसी

कार्यालय में कंडम समान को कंडमनेशन बोर्ड से कंडम घोषित करवाएं अधिकारी

डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने लघु सचिवालय परिसर का किया निरीक्षण

झज्जर, 22 जनवरी। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने गुरुवार की सुबह लघु सचिवालय परिसर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यालयों में स्वच्छता का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

डीसी ने कहा कि कार्यालय में जो भी पुराना रिकार्ड है, उसका नियमानुसार निस्तारण किया जाए, जिससे कार्यालय में खाली स्पेस बनेगा। इसके अलावा मौजूदा रिकार्ड को सुव्यवस्थित तरीके से रखा जाए। वही जिस कार्यालय में कंडम समान है उसे कंडमनेशन बोर्ड से कंडम घोषित करवाएं और विभाग से अनुमति लेकर डिस्पोज आफ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी समय पर ड्यूटी पर आएं और नागरिकों के कार्यों को प्राथमिकता से और समयबद्ध तरीके से निपटाएं। उन्होंने कर्मचारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे फाइलों और दस्तावेजों के रखरखाव में भी सफाई और अनुशासन का ध्यान रखें ताकि जनता को बेहतर और सुगम सेवाएं मिल सकें। डीसी ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी तय समय पर अपने कार्यालय पहुंचकर अपना कार्य शुरू करें। कार्यालयों में लेट लतीफी सहन नहीं होगी। कर्मचारी का नियमानुसार दायित्व बनता है कि अपना स्टेशन मेंटेन करें और निर्धारित किए गए समय पर कार्यालय पहुंचे । डीसी ने कहा कि सफाई कार्य प्रतिदिन करने से ही लघु सचिवलय परिसर साफ सुथरा रहेगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

प्रॉपर्टी टैक्स व डेवलपमेंट चार्ज डिफॉल्टरों पर नगर परिषद की बड़ी कार्रवाई, 11 दुकानें व भवन सील

नागरिक जल्द से जल्द जमा कराएं प्रॉपर्टी टैक्स और डेवलपमेंट चार्ज :एसडीएम

नगर परिषद की टीम ने शहर के पटेल नगर, उद्योग नगर, छोटूराम नगर सहित अन्य क्षेत्रों में चलाया अभियान

बहादुरगढ़, 22 जनवरी। प्रॉपर्टी टैक्स और डेवलपमेंट चार्ज की बकाया राशि जमा न कराने वाले डिफॉल्टरों के खिलाफ बहादुरगढ़ नगर परिषद ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार को एसडीएम अभिनव सिवाच (आईएएस)की मौजूदगी में नगर परिषद की टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में कार्रवाई करते हुए कुल 11 दुकानों और भवनों को सील किया।

उल्लेखनीय है कि एक रोज पूर्व उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बहादुरगढ़ शहर का निरीक्षण करते हुए अतिक्रमण हटाने, अवैध प्लॉटिंग की रोकथाम तथा अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश प्रशासनिक अधिकारियों को दिए थे। गुरुवार को अधिकारियों की टीम ने शहर में अभियान चलाते हुए कार्रवाई की।

नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि संबंधित दुकान व भवन मालिकों को बकाया राशि जमा कराने के लिए कई बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने न तो प्रॉपर्टी टैक्स और न ही डेवलपमेंट चार्ज जमा करवाया। मजबूरन नगर परिषद को सीलिंग की कार्रवाई करनी पड़ी।

यह कार्रवाई पटेल नगर, उद्योग नगर, छोटूराम नगर तथा श्याम जी कॉम्प्लेक्स

सहित विभिन्न क्षेत्रों में की गई। इसके साथ ही नगर परिषद सीमा में बिना नक्शा पास करवाए निर्माण कार्य करने वाले भवनों के खिलाफ भी कार्रवाई अमल में लाई गई।

एसडीएम अभिनव सिवाच ने मौके पर स्पष्ट किया कि सभी डिफॉल्टर जल्द से जल्द अपना प्रॉपर्टी टैक्स और डेवलपमेंट चार्ज जमा करवाएं, अन्यथा भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में किसी भी घर या अन्य इमारत का निर्माण कार्य शुरू करने से पहले नगर परिषद से नक्शा पास करवाना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कोई ढील नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। ऐसे में नागरिक समय रहते अपने टैक्स जमा कराएं। एसडीएम ने कहा कि यह टैक्स का पैसा शहरवासियों की मूलभूत सुविधाओं के लिए किया जाता है। सभी अपना हाउस टैक्स, प्रोपर्टी टैक्स, डेवलपमेंट टैक्स समय पर जमां करवाएं ताकि शहर के विकास कार्यो को और तेज गति प्रदान की जा सके।

बहादुरगढ़ में ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई, 16 वाहनों के साढे चार लाख रुपये से ज्यादा के चालान

परिवहन विशेष न्यूज

बहादुरगढ, 22 जनवरी। देश राजधानी की सीमा से सटे बहादुरगढ़ शहर में सडक़ सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया गया है। बीती रात एसडीएम बहादुरगढ़ अभिनव सिवाच (आईएएस)की उपस्थिति में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) के इंस्पेक्टर नसीब सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर के औद्योगिक क्षेत्र स्थित मामा चौक सहित विभिन्न स्थानों पर जांच करते हुए कुल 16 ओवरलोड वाहनों के चार लाख 60 हजार रुपये के चालान किए गए।

उल्लेखनीय है कि उद्यमियों ने बुधवार को सुबह डीसी से मुलाकात कर ओवरलोडेड वाहनों के खिलाफ शिकायत की थी। जिसके चलते डीसी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

आरटीए टीम ने प्रत्येक वाहन की गहन जांच की और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मौके पर ही चालान काटे। प्रशासन की इस सख्ती से यह स्पष्ट संदेश गया कि बहादुरगढ़ शहर में ओवरलोड वाहनों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि उपायुक्त स्वप्निल रविन्द्र पाटिल के मार्गदर्शन में बहादुरगढ़ में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। ओवरलोड वाहन न केवल सडक़ सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि सडक़ ढांचे को भी नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने आरटीए टीम को निर्देश दिए कि ओवरलोड वाहनों की नियमित और निरंतर जांच की जाए तथा नियम तोडऩे वालों के खिलाफ बिना किसी ढिलाई के चालान की कार्रवाई जारी रखी जाए। एसडीएम ने वाहन चालकों से भी अपील की कि वे निर्धारित मानकों के अनुरूप ही वाहन चलाएं और यातायात नियमों का पालन कर प्रशासन का सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी इस तरह के विशेष चेकिंग अभियान जारी रहेंगे, ताकि बहादुरगढ़ शहर को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और दुर्घटनामुक्त बनाया जा सके।

फार्मर आईडी से ही मिलेगा पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ : डीसी

सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए किसान जरूर बनवाएं एग्रीस्टैक फार्मर आईडी

फार्मर आईडी को लेकर जिला के सभी गांवों में जा रही है विभागीय टीमें

झज्जर, 22 जनवरी। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि एग्रीस्टैक फार्मर आईडी प्रत्येक किसान के लिए अनिवार्य है। इस आईडी के बनने के बाद ही किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि फार्मर आईडी को लेकर जिला के सभी गांवों में विभागीय टीमें जा रही हैं, जहां किसानों को जागरूक करने के साथ-साथ फार्मर आईडी बनाने का कार्य लगातार जारी है।

डीसी ने किसानों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द एग्रीस्टैक फार्मर आईडी बनवाएं और इस कार्य में टीमों का सहयोग करें। साथ ही अन्य किसानों को भी फार्मर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में सभी सरकारी कृषि योजनाओं का लाभ एग्रीस्टैक फार्मर आईडी के माध्यम से ही दिया जाएगा।

डीसी ने बताया कि फार्मर आईडी बनाने का मुख्य उद्देश्य किसानों की पहचान को सुरक्षित करना और उन्हें सरकारी सेवाओं का सीधा लाभ उपलब्ध कराना है। इसके लिए अधिकारी मिशन मोड में कार्य करें ताकि प्रत्येक किसान की एग्रीस्टैक फार्मर आईडी बन सके। उन्होंने बताया कि भविष्य में बैंक ऋष्ण, पीएम किसान सम्मान निधि, फसल क्षतिपूर्ति, खाद-बीज तथा विभिन्न कृषि अनुदान आधारित योजनाओं का लाभ एग्रीस्टैक फार्मर आईडी के माध्यम से ही दिया जाएगा।

फार्मर आईडी के लिए ये दस्तावेज जरूरी

डीसी ने बताया कि एग्रीस्टैक फार्मर आईडी बनवाने के लिए किसानों को मोबाइल नंबर से लिंक आधार कार्ड, पिछली फसल के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पंजीकरण की प्रति या जमीन से संबंधित फर्द साथ लाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि किसान स्वयं भी एग्रीस्टैक फार्मर आईडी के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

हरियाणवी बोली की लघुकथाओं के लिए आमंत्रण

'म्हारी माटी, म्हारे आखर' लघुकथा-संग्रह की तैयारी

हरियाणवी बोली, संस्कृति और लोक-जीवन को साहित्य के माध्यम से संरक्षित एवं समृद्ध करने के उद्देश्य से 'म्हारी माटी, म्हारे आखर' शीर्षक से हरियाणवी लघुकथाओं का एक विशेष संकलन तैयार किया जा रहा है। इस संकलन के लिए प्रदेश भर के रचनाकारों से शुद्ध हरियाणवी बोली में लिखी गई लघुकथाएँ आमंत्रित की गई हैं।

संकलन के संपादक डॉ. सत्यवान सौरभ एवं डॉ. प्रियंका सौरभ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पुस्तक में कुल 51 चयनित लघुकथाकारों की रचनाओं को स्थान दिया जाएगा। प्रत्येक रचनाकार तीन लघुकथाएँ भेज सकता है। प्रत्येक लघुकथा की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द निर्धारित की गई है, जबकि लेखक का संक्षिप्त परिचय 100 शब्दों में अनिवार्य रूप से भेजना होगा।

उन्होंने बताया कि भेजी जाने वाली सभी लघुकथाएँ शुद्ध हरियाणवी बोली में होनी चाहिए। चयनित लेखकों को पुस्तक की प्रकाशित कीमत पर 30 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी, हालांकि पुस्तक खरीदना अनिवार्य नहीं होगा।

यह लघुकथा-संग्रह हरियाणवी भाषा, संस्कृति और सामाजिक यथार्थ की सजीव अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने का एक सार्थक प्रयास होगा। इस संकलन के मार्गदर्शक प्रख्यात साहित्यकार डॉ. रामनिवास 'मानव' होंगे।

इच्छुक रचनाकार अपनी लघुकथाएँ यूनिकोड फॉन्ट में टाइप कर, अपनी फोटो के साथ ई-मेल के माध्यम से भेज सकते हैं।



लघुकथाएँ भेजने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है।

ई-मेल :
satywansaurabh333@gmail.com
(डॉ. प्रियंका सौरभ, पीएचडी (राजनीति विज्ञान), कवयित्री एवं सामाजिक चिंतक हैं।)

सरकार की नई योजना

पिंकी कुंडू

आज से, '104' भारत में रक्त की आवश्यकता के लिए विशेष नंबर बन गया है। इस सेवा को ₹ब्लड ऑन कॉलर₹ कहा जाता है। इस नंबर पर कॉल करने के बाद, 40 किलोमीटर के दायरे में 4 घंटे के भीतर रक्त पहुंचाया जाएगा। शुल्क : 450 रुपये प्रति बोतल और परिवहन के लिए 100 रुपये। कृपया इस संदेश को अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और ग्रुप्स में फॉरवर्ड करें। इस सुविधा से कई जानें बचाई जा सकती हैं।

महावीर व्यायामशाला, देवघर मे श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा द्वितीया वर्षगाठ धूमधाम से मनाया गया

परिवहन विशेष न्यूज, देवघर । स्थानीय एम० आर० टी० चौक स्थित महावीर व्यायामशाला के बजरंगबली मंदिर में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परिसर को फूलों-पुष्पों व आकर्षक लाईटों से सजाया गया। विधिवत पूजा व आरती की गई।। .जय श्री राम' के गूंजों से व गाजो-बाजों से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। सारे आगंतुक भक्ति में सराबोर हो गये । और भक्ति रस में डूब गए। भक्तों के बीच लड्डू मिठाई वितरण किया गया।

यूपी अध्यक्ष पंकज चौधरी के स्वागत में कानपुर में उमड़े भाजपाई : जाम से हुई भारी परेशानी

सुनील बाजपेई

कानपुर । उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बनाए जाने के बाद आज गुरुवार को पहली बार कानपुर आए पंकज चौधरी के स्वागत में भाजपायों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान कई जगह जाम लगने के फलस्वरूप राहगीरों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं में आपस में भिड़ंत भी हुई।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के आगमन पर इस भव्य स्वागत के दौरान जाजमऊ से शहर में प्रवेश करते समय गंगा के रास्ते नावों से केसरिया गुब्बारे भी उड़ाए गए। इस अनोखे स्वागत में मछुआरा समाज की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली। इस बीच गंगा घाट से लेकर शहर की सीमा तक उत्साह का माहौल नजर आया।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्षपंकज चौधरी के स्वागत कार्यक्रम में कानपुर समेत आसपास के कई जिलों से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने जेसीबी मशीन के जरिए प्रदेश अध्यक्ष पर फूल बरसाए। इस दौरान ढोल-नगाड़ों और नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। यही नहीं प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर जाजमऊ और आसपास के मार्गों पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। कई स्थानों पर जाम की स्थिति भी बनी, जिससे राहगीरों को भी भारी कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ा।

आज गुरुवार को यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के स्वागत को भव्य बनाने के लिए जाजमऊ स्थित स्वागत स्थल पर करीब २०० किलो फूलों की व्यवस्था की गई थी। रोड शो के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। उनके स्वागत के दौरान सांसद रमेश अवस्थी ,विधायक सुरेंद्र मैथानी, पूर्व विधायक अजय कपूर ,महापौर प्रमिला पांडे, कानपुर बुंदेलखंड अध्यक्ष प्रकाश पाल सहित सभी सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भारत और नामीबिया ने लोकतांत्रिक सहयोग को मज़बूत करने के लिए दिल्ली में चुनावी समझौते पर हस्ताक्षर किए

संगिनी घोष

भारत और नामीबिया ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन (IICDEM) 2026 के दौरान चुनावी सहयोग से संबंधित एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को लेकर अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर लगभग 70 देशों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जो इस सम्मेलन की वैश्विक महत्ता और लोकतांत्रिक संवाद में भारत की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है।

इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के बीच सहयोग को सुदृढ़ करना है। इसके तहत प्रशिक्षण कार्यक्रमों, क्षमता निर्माण और चुनावों के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं प्रभावी संचालन से जुड़ी सर्वोत्तम प्रक्रियाओं के आदान-प्रदान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मतदाता जागरूकता, निर्वाचन सूची की सटीक तैयारी और चुनावी प्रक्रियाओं में तकनीक के बेहतर उपयोग जैसे क्षेत्रों में यह साझेदारी दोनों देशों की चुनावी व्यवस्था को और

मजबूत बनाने में सहायक होगी।

यह समझौता तीन दिवसीय IICDEM 2026 सम्मेलन के दौरान किया गया, जिसका आयोजन भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा किया गया है। सम्मेलन में दुनिया भर से चुनाव आयुक्त, नीति-निर्माता, शिक्षाविद और लोकतंत्र विशेषज्ञ शामिल हुए हैं। यहां वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र के सामने मौजूद चुनौतियों, जैसे चुनावी शुचिता बनाए रखना, गलत सूचना से निपटना और नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

सम्मेलन के दौरान भारतीय अधिकारियों ने हाल के चुनावों और सुधारों से जुड़े अनुभव साझा किए और भारत की व्यापक चुनाव प्रबंधन प्रणाली को अन्य लोकतंत्रों के लिए एक उपयोगी मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया। विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने इस बात पर विचार-विमर्श किया कि बदलते राजनीतिक और तकनीकी परिवेश में चुनावी संस्थान किस प्रकार स्वयं को अनुकूल बना सकते हैं और जनता का विश्वास बनाए रख सकते हैं।

भारत-नामीबिया के बीच यह चुनावी सहयोग समझौता दोनों देशों के लंबे और मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को भी दर्शाता है, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और आपसी सहयोग पर आधारित रहे हैं। इस औपचारिक साझेदारी के माध्यम से दोनों देशों ने न केवल अपने-अपने लोकतांत्रिक संस्थानों को सशक्त करने, बल्कि वैश्विक स्तर पर निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय चुनावों को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

योगी सरकार ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शंकराचार्य मानने से किया इनकार, शिविर के बाहर नोटिस चस्पा!

पिंकी कुंडू

सोमवार देर रात मेला प्राधिकरण ने शंकराचार्य को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। इससे पहले शंकराचार्य ने सोमवार दोपहर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- प्रशासन के माफी न मांगने तक हम अपने आश्रम में प्रवेश नहीं करेंगे। फुटपाथ पर ही रहेंगे। क्योंकि, शंकराचार्य जब भी इतिहास में स्नान करने गए हैं, पालकी में ही गए हैं। मैं प्रण लेता हूं कि हर मेले के लिए प्रयागराज आऊंगा, लेकिन कभी भी शिविर में नहीं, फुटपाथ पर रहूंगा। इसके बाद माघ मेला प्रशासन ने स्वामीअविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस जारी किया है। नोटिस में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा गया है कि किसी भी धर्माचार्य का ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य के रूप में पट्टाभिषेक नहीं हुआ है, इसके बावजूद शिविर के बोर्ड पर खुद को शंकराचार्य प्रदर्शित करना इस आदेश की अवहेलना है। प्रशासन ने 24 घंटे के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है। देर रात नोटिस लेकर पहुंचे कानूनगो को समर्थकों ने यह कहते हुए लौटा दिया कि सुबह आइए। अभी कोई पदाधिकारी नहीं है जो नोटिस रिसीव कर सके।

गोपाल निकुंज सेवा संस्थान में निकुंजवासी ब्रजकिशोरी शरण (माताजी) का त्रिदिवसीय 28 वां वार्षिक निकुंज प्रवेशोत्सव धूमधाम से प्रारम्भ

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)

वृन्दावन। राधा निवास-गोविंद कुंड क्षेत्र स्थित श्रीगोपाल निकुंज सेवा संस्थान में ठाकुर श्रीगोपालजी महाराज का पाटोत्सव एवं निकुंजवासी संत शिरोमणि ब्रजकिशोरी शरण (माताजी) का त्रिदिवसीय 28 वां वार्षिक निकुंज प्रवेशोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारंभ हो गया है। जिसके प्रथम दिन अंतर्गत अष्टयाम सेवा महावाणी, अखंड युगलनाम संकीर्तन, संत-विद्वत संगोष्ठी व भजन संध्या आदि के कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

संत-विद्वत संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए संस्कृत के प्रकांड विद्वान पण्डित राजाराम मिश्र एवं श्रीराम कथा मर्मज्ञ स्वामी भानुदेवाचार्य महाराज ने कहा कि संत प्रवर ब्रजकिशोरी शरण (माताजी) अत्यंत सेवाभावी व धर्मनिष्ठ संत थीं। वो सदैव ही पूर्ण समर्पण व निस्वार्थ भाव से संत, गौ एवं निर्धन-निराश्रितों की सेवा करती थीं। उनके द्वारा स्थापित किए गए सेवा प्रकल्प श्री गोपाल निकुंज सेवा संस्थान में पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ आज भी चलाए जा रहे हैं।

गोपाल निकुंज सेवा संस्थान के संस्थापकाध्यक्ष आचार्य युगल किशोर कटारे व भागवताचार्य चेतन्य किशोर कटारे ने कहा कि हमारी सदगुरुदेव ब्रजकिशोरी शरण (माताजी) ने श्रीधाम वृन्दावन में रहते हुए श्रीकृष्ण भक्ति की लहर को समूचे विश्व में प्रवाहित कर के अनेकों व्यक्तियों का कल्याण किया।

गौरी शंकर धाम के अध्यक्ष आचार्य शिवम साधक महाराज एवं

प्रख्यात साहित्यकार रूयूपी रत्नरू डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि सन्त शिरोमणि ब्रजकिशोरी शरण (माताजी) अनेकानेक सद्गुणों की खान थी। यदि हम लोग उनके किसी एक गुण को भी अपने जीवन में धारण कर लें तो हमारा कल्याण हो सकता है।

ब्रजभूमि कल्याण परिषद् के अध्यक्ष पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ एवं प्रख्यात भागवताचार्य पण्डित सुरेश चन्द्र शास्त्री ने कहा कि ब्रजकिशोरी शरण (माताजी) परम भजनानंदी एवं दिव्य तपोमूर्ति थीं। उन्होंने श्रीधाम वृन्दावन में साधनामय जीवन जीते हुए योग व तप की शक्ति से अनेकों व्यक्तियों की पीड़ा दूर की।

इससे पूर्व संपन्न हुई सरस भजन संध्या में प्रख्यात संगीताचार्य पंडित देवकीनंदन शर्मा, रासाचार्य स्वामी रामशरण शर्मा व स्वामी प्रेमशरण शर्मा ने ठाकुर श्रीगोपालजी महाराज की महिमा से ओत-प्रोत भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन कर सभी को भाव-विभोर कर दिया।

सन्त विद्वत संगोष्ठी में पण्डित राम गोपाल शास्त्री, निंबार्क विद्यालय के प्राचार्य ब्रजकिशोर त्रिपाठी, आचार्य विपिन बापू महाराज, आचार्य डॉ. रामदत्त मिश्र, डॉ. राधाकांत शर्मा, बालो पंडित, प्रोफेसर राम वैद्य, पण्डित राजेश कृष्ण शास्त्री,

आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन श्रीरंगलक्ष्मी संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. राम सुदर्शन मिश्र ने किया।

महोत्सव में पधारे सभी सन्तों-विद्वानों का स्वागत-सत्कार महोत्सव के आयोजक आचार्य युगल किशोर कटारे व संयोजक भागवत प्रवक्ता आचार्य चैतन्य किशोर कटारे ने ठाकुरजी का पटुका-प्रसादी-माला आदि भेंट करके किया।

UDID (यूनिक डिसेबिलिटी ID) कार्ड भारत में दिव्यांग लोगों के लिए गेम-चेंजर है। यहाँ इसके कुछ मुख्य फायदे दिए गए हैं:

पिंकी कुंडू

- सरकारी योजनाओं तक आसान पहुँचः सभी योजनाओं के लिए एक ही कार्ड - सरकारी फायदों का लाभ उठाने के लिए कई डॉक्यूमेंट्स की ज़रूरत नहीं।
- यात्रा में छूटः इंडियन रेलवे में 50%-100% तक की छूट और कई राज्यों में बस किराए में रियायत।
- शिक्षा के फायदेः कॉलेजों, स्कूलों और यूनिवर्सिटी में आरक्षित सीटें, साथ ही पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप।
- रोजगार के अवसरः सरकारी नौकरियों में 4% आरक्षण और खास स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम।
- पेंशन योजनाएँः मासिक दिव्यांग पेंशन और सोशल सिक्योरिटी योजनाओं के लिए योग्य।
- आयकर में फायदेः सेक्शन 80U और 80DD के तहत टैक्स में छूट।
- स्वास्थ्य सेवा में प्राथमिकताः अस्पतालों में प्राथमिकता और मुफ्त या सब्सिडी वाले सहायक उपकरण।
- आवास और भूमि आवंटनः राज्य और केंद्र सरकार द्वारा आरक्षित आवास योजनाएँ।

UDID कार्ड तीन तरह के होते हैं, जिन्हें दिव्यांगता के प्रतिशत के आधार पर बांटा गया है:

- सफेद कार्डः 40% से कम दिव्यांगता
- पीला कार्डः 40%-80% दिव्यांगता
- नीला कार्डः 80% से ज़्यादा दिव्यांगता

अप्लाई करने के लिए, ऑफिशियल UDID पोर्टल (swavlambancard.gov.in) पर जाएँ और आसान प्रोसेस को फॉलो करें।

ज्ञान का प्रकाश



जीवन में साधना व सफलता के लिए,
हम राह से नहीं भटकें कभी भी
ऐसा विश्वास बनूं मैं, मन कभी ना भटके,
अज्ञानता का मिटे अंधेरा
माँ शारदे हमें ज्ञान का प्रकाश दो।

मनन की गहराईयों से चिंतन में चित लगे,
कभी टूटे ना यहाँ हमारा विश्वास
तभी तो मिलेगा हमें उजालों भरा आकाश,
ध्यान और एकाग्रता में हमारा मन लगे
माँ शारदे हमें ज्ञान का प्रकाश दो।

ज़िंदगी में आगे बढ़ने के लिए ज्ञान जरूरी है,
माँ शारदे आप करती हो अन्धकार का नाश।
हम पढ़ें, सबको पढ़ाएँ ज्ञान का पाठ,
तभी तो बनेगा सतरंगी आकाश फैलेगी चारों ओर सकारात्मकता की लालिमा,
माँ शारदे हमें ज्ञान का प्रकाश दो॥

स्वरचित रचना
रचनाकार हरिहर सिंह चौहान जबरी बाग नसिया इन्दौर मध्य-प्रदेश

युवराज - क्यों? ठिठके कदम...!

सोच रहा हूँ क्यों? 'ठीठके' हैं सबके कदम,
सैकड़ो लोग पुलिस-फायरकर्मियों का दम।
क्यों? नहीं बचा पाए एक युवराज की जान,
मॉल बनाने खोदे गहरे गड्ढे में निकले प्राण।

तमाशाईयों का हर डूबने वाले पे अफसोस,
अच्छा होता गर रबचानेर में लगा देते सोर्स।
कार के ऊपर खड़े शोर मचाते रहें युवराज,
अपने घर-परिवार का था इकलौता चिराग।

हे वतनपरस्तों मदद करने की कोशिश करों,
इंसानियत की 'अहमियत' को समझते रहों।
अपने घर के चिरागों को हमेशा रोशन करो,
कोई मौत के आगोश में न जाये ध्यान धरों।
(संदर्भ-इंजी.युवराज की गहरें गड्ढे में गिरने से मृत्यु)

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)

श्रीअवध धाम मंदिर व आश्रम का द्विदिवसीय वार्षिक महोत्सव धूमधाम से प्रारम्भ

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)

वृन्दावन। परिक्रमा मार्ग-ब्रज निकुंज कॉलोनी (कैला देवी मंदिर के सामने) स्थित श्रीअवध धाम में श्रीअवध धाम गुरु कृपा ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रीअवध धाम मंदिर व आश्रम का द्विदिवसीय वार्षिक महोत्सव रूआनन्द महोत्सवरू अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारम्भ हो गया है। महोत्सव का शुभारंभ महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने ठाकुर आनन्द बिहारी सरकार की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इससे पूर्व ठाकुरजी का पंचामृत से अभिषेक भी किया गया। साथ ही उनकी विशेष आरती की गई।

इस अवसर पर भक्तों व श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि श्रीधाम वृन्दावन उत्सवों की भूमि है। इस पावन भूमि के प्रत्येक कण-कण में श्रीराधा कृष्ण विद्यमान हैं। इसीलिए यहां की भूमि अत्यंत पावन व पूज्य है। इस भूमि पर केवल वही व्यक्ति आ सकता है, जिस पर श्रीराधाकृष्ण अपनी कृपा करते हैं। उनकी कृपा के बिना यहां आना असम्भव है। हम सभी बहुत सौभाग्यशाली हैं जो हम इस पावन धाम में आकर ठाकुरजी का उत्सव मना रहे हैं।

भागवत रसिक पंडित राधे राधे महाराज ने कहा कि वृन्दावन धाम की महिमा स्वर्ग से भी अधिक है। यहां पर रहने वाले ब्रजवासी व संत स्वर्ग जाने की आशा नहीं रखते। उनके लिए श्रीधाम वृन्दावन ही स्वर्ग से श्रेष्ठ है। इसीलिए सभी देवतागण इस ब्रजभूमि में बार बार लीला करने आते रहते हैं। यहां पर ठाकुरजी का उत्सव मनाने से अन्य स्थानों की अपेक्षा शतगुणा अधिक फल प्राप्त होता है।

प्रख्यात साहित्यकार रूयूपी रत्नरू डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं सन्त प्रवर रामदास महाराज ने कहा कि श्रीधाम वृन्दावन की पावन धरा पर आज भी कई ऐसे दिव्य स्थल हैं, जहां पर श्रीराधारानी और भगवान श्रीकष्ण के होने का आभाष प्रभु भक्तों को होता है। इसीलिए इस भूमि पर श्रीअवध धाम गुरु सेवा ट्रस्ट के द्वारा अवध धाम मंदिर व आश्रम की स्थापना की गई थी। जिसका वार्षिकोत्सव आज हम सब मना रहे हैं।

सायं काल राजीव शास्त्री (सोनीपत) के द्वारा संकीर्तन का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें उन्होंने अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य श्रीराधा कृष्ण की महिमा से ओतप्रोत भजनों का गायन कर सभी को भाव-विभोर कर दिया।

महोत्सव में तिलकराज मिगलानी, ओमप्रकाश बिरमानी, वेदप्रकाश पाराशर, सन्त रासबिहारी दास महाराज, राम कुमार गोयल, ईश्वर गोयल, संत कुमार गोयल, मुकेश गोयल, नंद किशोर छाबड़ा, धीरज छाबड़ा, दीपक गोयल, ओमप्रकाश विरमानी, मनीष आहूजा, सतीश तागरा, कमल राणा, विपिन चुग, आचार्य पुरुषोत्तम पाराशर, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। महोत्सव के अंतर्गत सन्त, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा भी हुआ। जिसमें सैकड़ों व्यक्तियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

क्या हम आज भी गरीबी, भ्रष्टाचार, जातिवाद और भेदभाव से पूरी तरह मुक्त हो पाए हैं? : ठाकुर संजीव कुमार सिंह

आज भी समाज में कई कुरीतियाँ मौजूद हैं जो हमारी आज़ादी पर गंभीर और चिंताजनक प्रश्नचिह्न लगाती हैं : संजीव कुमार सिंह

मानसिक स्वतंत्रता के नाम पर पश्चिमी संस्कृति की अंधी नकल या संकीर्ण सोच को अपनाना वास्तविक स्वतंत्रता नहीं है, असली स्वतंत्रता विचारों की स्पष्टता और सकारात्मक सोच में निहित है : संजीव कुमार सिंह

जब तक हर ग़रीब बच्चा शिक्षा से जुड़ा नहीं होगा, आर्थिक रूप से सशक्त नहीं होगा, तब तक देश की स्वतंत्रता अधूरी रहेगी - यदि बेटियाँ रात में स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करतीं, तो व्यक्तिगत स्वतंत्रता अभी भी अधूरी है : संजीव कुमार सिंह

नई दिल्ली,संजय सिंह। देशभर में 77वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन भारतीय लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों का प्रतीक है। 15 अगस्त 1947 को देश को आज़ादी मिली, लेकिन 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के साथ भारत एक संपूर्ण गणतंत्र बना।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी ठाकुर संजीव कुमार सिंह एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया एवं राष्ट्रीय नेता इंडियन नेशनल कांग्रेस AICC, मंत्री पद के दावेदार ने सवाल उठाया कि क्या हम आज भी गरीबी, भ्रष्टाचार, जातिवाद और भेदभाव से पूरी तरह मुक्त हो पाए हैं? आज भी समाज में कई कुरीतियाँ मौजूद हैं जो हमारी आज़ादी पर गंभीर और चिंताजनक प्रश्नचिह्न लगाती हैं। मानसिक स्वतंत्रता के नाम पर पश्चिमी संस्कृति की अंधी नकल या संकीर्ण सोच को अपनाना वास्तविक स्वतंत्रता नहीं है, असली स्वतंत्रता विचारों की स्पष्टता और सकारात्मक सोच में निहित है। जब तक हर ग़रीब बच्चा शिक्षा से जुड़ा नहीं होगा, आर्थिक रूप से सशक्त नहीं होगा, तब तक देश की स्वतंत्रता अधूरी ही रहेगी। यदि बेटियाँ रात में स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करतीं, तो व्यक्तिगत स्वतंत्रता अभी भी अधूरी है।

श्री सिंह ने कहा कि रहर वर्ष 26 जनवरी हमें यह स्मरण कराती है कि संविधान ने हमें अधिकार तो दिए हैं, लेकिन उनका सही उपयोग और रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। स्वतंत्रता केवल अधिकारों का नाम नहीं है, बल्कि उनके संरक्षण और समाज को बुराइयों से मुक्त करने की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। हर वर्ष 26 जनवरी हमें यह स्मरण कराती है कि संविधान ने हमें अधिकार तो दिए हैं, लेकिन उनका सही उपयोग और रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "हम तब ही पूरी तरह स्वतंत्र कहलाएंगे, जब देश का अंतिम व्यक्ति भी अभावों, भय और भेदभाव से मुक्त होगा। स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ अपने देश और समाज के प्रति जिम्मेदार होना है। स्वतंत्रता केवल राजनीतिक नहीं, सामाजिक और वैचारिक भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दृष्टि से भारत एक संप्रभु और लोकतांत्रिक राष्ट्र है। हमारे पास मतदान का अधिकार है और सरकार चुनने की शक्ति है, लेकिन असली प्रश्न सामाजिक और वैचारिक स्वतंत्रता का है।

नशा और सामाजिक बुराइयाँ समाज के लिए घातक

उन्होंने नशाखोरी, अभद्र टिप्पणी और असामाजिक व्यवहार पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि युवाओं का एक बड़ा वर्ग नशे की गिरफ्त में आ चुका है, जो समाज के लिए गंभीर खतरा है। नशा न केवल युवा पीढ़ी की सोचने-समझने की शक्ति छीन लेता है, बल्कि उसके भविष्य को भी अंधकार में धकेल देता है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि "आइए, हम सभी शपथ लें कि नशीले पदार्थों से दूर रहेंगे, अपने परिवार और समाज को भी इससे बचाएंगे और नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान चलाएंगे।" साथ ही उन्होंने धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखने की अपील भी की।

अच्छा नागरिक और व्यापारी वही, जो राष्ट्रहित को प्राथमिकता दे

उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण की नींव युवाओं के संस्कार, अनुशासन और आत्मनिर्भर सोच में छिपी है। भारत की प्राचीन परंपराएँ जैसे योग, आयुर्वेद और विज्ञान आज न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में, बल्कि आर्थिक स्वावलंबन और रोजगार सृजन में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि योग और आयुर्वेद आधारित उद्योग वैश्विक स्तर पर भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहे हैं। "अच्छा नागरिक और अच्छा व्यापारी वही होता है, जो केवल लाभ नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के हित को भी सर्वोपरि रखे।"

युवाओं को संदेश

अपने संबोधन के अंत में उन्होंने युवाओं से कहा "अपने ख्वाबों पर यकीन रखो, अपनी कामयाबियों पर नाज़ करो। हर नया कदम एक नई शुरुआत है। अगर युवा दिल से ठान लें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।"

नील सरस्वती स्तोत्र हिन्दी भावार्थ सहित

पिंकी कुंडू

यह स्तोत्र देवी नीला सरस्वती को समर्पित महामंत्र है। यह एक अत्यंत शक्तिशाली नीला सरस्वती मंत्र है। इसे कभी-कभी नीला सरस्वती और नील सरस्वती के रूप में भी लिखा जाता है। इस नील सरस्वती स्तोत्र का पाठ करने से मां सरस्वती जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। जो व्यक्ति परीक्षाओं में ज्ञान और सफलता प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें वैदिक नियमों के अनुसार नियमित रूप से इस स्तोत्र का पाठ करना चाहिए।

नील सरस्वती स्तोत्र का पाठ करने से शत्रुओं का नाश होता है और विद्या की प्राप्ति होती है। नील सरस्वती की साधना तंत्रोक्त विधि से की जाती है। ये दस महाविद्याओं में से एक हैं।

यदि आप अपने जीवन में शत्रुओ के कारण कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, तो यह नील सरस्वती स्तोत्र आपके लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा, इसके पाठ के माध्यम से आप अपने शत्रु पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। यह नील सरस्वती स्तोत्र हमारे सभी प्रकार के शत्रुओं का नाश करने में सक्षम है।

यह स्तोत्र देवी नीला सरस्वती को समर्पित महामंत्र है। यह एक अत्यंत शक्तिशाली नीला सरस्वती मंत्र है। इसे कभी-कभी नीला सरस्वती और नील सरस्वती के रूप में भी लिखा जाता है।

इस नील सरस्वती स्तोत्र का पाठ करने से मां सरस्वती जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

जो व्यक्ति परीक्षाओं में ज्ञान और सफलता प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें वैदिक नियमों के अनुसार नियमित रूप से इस स्तोत्र का पाठ करना चाहिए।

इस स्तोत्र का पाठ विशेष रूप से बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा में किया जाता है। इसके अलावा मां सरस्वती देवी की नियमित पूजा में नील सरस्वती स्तोत्र का पाठ भी कर सकते हैं।

श्री नील सरस्वती स्तोत्र

ॐ श्रीं ह्रीं हसौः हूँ फट नीलसरस्वत्यै स्वाहा ॥
ॐ ह्री ऐं हुं नील सरस्वती फट् स्वाहा
.ॐ श्रीं ह्रीं हसौः हूँ फट नीलसरस्वत्यै स्वाहा ॥
.ॐ ब्लूं वें वद वद त्रीं हूं फट्।
ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौः क्लीं ह्रीं ऐं ब्लूं स्त्रीं
महानीला सरस्वती द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः।
ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौः सौः ह्रीं स्वाहा।।
घोररूपे महारावे सर्वशत्रुभयङ्करि।
भक्तेभ्यो वरदे देवि त्राहि मां शरणागतम्। ॥1॥

हिंदी अर्थ – भयानक रूपवाली, घोर निनाद करनेवाली, सभी शत्रुओं को भयभीत करनेवाली तथा भक्तों को वर प्रदान करनेवाली हे देवि ! आप मुझ शरणागत की रक्षा करें।

ॐ सुरासुरार्चिते देवि सिद्धगन्धर्वसेविते।
जाड्यपापहरे देवि त्राहि मां शरणागतम्। ॥2॥

हिंदी अर्थ – देव तथा दानवों के द्वारा पूजित, सिद्धों तथा गन्धर्वों के द्वारा सेवित और जड़ता तथा पाप को हरनेवाली हे देवि ! आप मुझ शरणागत की रक्षा करें।

जटाजूटसमायुक्ते लोलजिह्वान्तकारिणि।
द्रुतबुद्धिकरे देवि त्राहि मां शरणागतम्। ॥3॥

हिंदी अर्थ – जटाजूट से सुशोभित, चंचल जिह्वा को अंदर की ओर करनेवाली, बुद्धि को तीक्ष्ण बनानेवाली हे देवि ! आप मुझ शरणागत की रक्षा करें।

सौम्यक्रोधधरे रुपे चण्डरूपे नमोऽस्तुते।
सृष्टिरुपे नमस्तुभ्यं त्राहि मां शरणागतम्। ॥4॥

हिंदी अर्थ – सौम्य क्रोध धारण करनेवाली, उत्तम विग्रहवाली, प्रचण्ड स्वरूपवाली हे देवि ! आपको नमस्कार है। हे सृष्टिस्वरुपिणि ! आपको नमस्कार है, मुझ शरणागत की रक्षा करें।

जडानां जडतां हन्ति भक्तानां भक्तवत्सला।
मूढ़तां हर मे देवि त्राहि मां शरणागतम्। ॥5॥

हिंदी अर्थ – आप मूर्खों की मूर्खता का नाश करती हैं और भक्तों के लिये भक्तवत्सला हैं। हे देवि ! आप मेरी मूढ़ता को हरें और मुझ शरणागत की रक्षा करें।

वं ह्रूं ह्रूं कामये देवि बलिहोमप्रिये नमः।
उग्रतारे नमो नित्यं त्राहि मां शरणागतम्। ॥6॥

हिंदी अर्थ – वं ह्रूं ह्रूं बीजमन्त्रस्वरूपिणी हे देवि ! मैं आपके दर्शन की कामना करता हूँ। बलि तथा होम से प्रसन्न होनेवाली हे देवि ! आपको नमस्कार है। उग्र आपदाओं से तारनेवाली हे उग्रतारे ! आपको नित्य नमस्कार है, आप मुझ शरणागत की रक्षा करें।

बुद्धिं देहि यशो देहि कवित्वं देहि देहि मे।
मूढ़त्वं च हरेद्देवि त्राहि मां शरणागतम्। ॥7॥

हिंदी अर्थ – हे देवि ! आप मुझे बुद्धि दें, कीर्ति दें, कवित्वशक्ति दें और मेरी मूढ़ता का नाश करें। आप मुझ शरणागत की रक्षा करें।

इन्द्रादिविलसद्वन्द्ववन्दिते करुणामयि।
तारे ताराधिनाथास्ये त्राहि मां शरणागतम्। ॥8॥

हिंदी अर्थ – इन्द्र आदि के द्वारा वन्दित शोभायुक्त चरणयुगल वाली, करुणा से परिपूर्ण, चन्द्रमा के समान मुखमण्डलवाली और जगत को तारनेवाली हे भगवती तारा ! आप मुझ शरणागत की रक्षा करें।

अष्टम्यां च चतुर्दश्यां नवम्यां यः पठेन्नरः।
षण्मासैः सिद्धिमाप्नोति नात्र कार्या विचारणा। ॥9॥

हिंदी अर्थ – जो मनुष्य अष्टमी, नवमी तथा चतुर्दशी तिथि को इस स्तोत्र का पाठ करता है, वह छः महीने में सिद्धि प्राप्त कर लेता है, इसमें संदेह नहीं करना चाहिए।

मोक्षार्थी लभते मोक्षं धनार्थी लभते धनम्।
विद्यार्थी लभते विद्यां तर्कव्याकरणादिकम्। ॥10॥

हिंदी अर्थ – इसका पाठ करने से मोक्ष की कामना करनेवाला मोक्षप्राप्त कर लेता है, धन चाहनेवाला धन पा जाता है और विद्या चाहनेवाला विद्या तथा तर्क – व्याकरण आदि का ज्ञान प्राप्त कर लेता है।

इदं स्तोत्रं पठेद्यस्तु सततं श्रद्धयाऽन्वितः।
तस्य शत्रुः क्षयं याति महाप्रज्ञा प्रजायते। ॥11॥

हिंदी अर्थ – जो मनुष्य भक्तिपरायण होकर सतत इस स्तोत्र का पाठ करता है, उसके शत्रु का नाश हो जाता है और उसमें महान बुद्धि का उदय हो जाता है।

पीडायां वापि संग्रामे जाड्ये दाने तथा भये।
य इदं पठति स्तोत्रं शुभं तस्य न संशयः। ॥12॥

हिंदी अर्थ – जो व्यक्ति विपत्ति में, संग्राम में, मूर्खत्व की दशा में, दान के समय तथा भय की स्थिति में इस स्तोत्र को पढ़ता है, उसका कल्याण हो जाता है, इसमें संदेह नहीं है।

इति प्रणम्य स्तुत्वा च योनिमुद्रां प्रदर्शयेत्। ॥13॥

हिंदी अर्थ – इस प्रकार स्तुति करने के अनन्तर देवी को प्रणाम करके उन्हें योनिमुद्रा दिखानी चाहिए।

॥ नील सरस्वती स्तोत्र सम्पूर्ण ॥

वसंत पंचमी : सरस्वती तत्व के जागरण का पर्व



संदीप सृजन

वसंत पंचमी भारतीय संस्कृति का वह महापर्व है जो केवल ऋतु परिवर्तन का उत्सव नहीं, बल्कि मानव अंतःकरण में सरस्वती तत्व के जागरण का गहन आध्यात्मिक संदेश देता है। माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर मनाया जाने वाला यह त्योहार प्रकृति की बहार के साथ-साथ आत्मा की प्रज्ञा, बुद्धि और सृजनात्मक ऊर्जा के उदय का प्रतीक है। जब सर्दी की सुस्ती टूटती है और चारों ओर पीले सरसों के फूल खिल उठते हैं, तब यह पर्व हमें याद दिलाता है कि अज्ञान के अंधकार के बाद ज्ञान की किरणें कैसे फूटती हैं। यह पर्व सरस्वती तत्व के जागरण का उत्सव है, वह तत्व जो हमें मूक से वाग्मी, अंधेरे से प्रकाशित और स्थिर से सृजनशील बनाता है।

सरस्वती तत्व केवल विद्या या ज्ञान तक सीमित नहीं है। यह वह दिव्य शक्ति है जो वाणी, बुद्धि, प्रज्ञा, स्मृति, संगीत, कला और सृजन की मूल ऊर्जा है। यह वह चेतना हैं जो सृष्टि की रचना के समय ब्रह्मा जी के मुख से प्रकट हुईं। देवी भागवत पुराण और अन्य ग्रंथों के अनुसार, जब ब्रह्मा जी ने सृष्टि रची तो उन्हें वाणी की आवश्यकता महसूस हुई। उनकी इच्छा से सरस्वती का प्रादुर्भाव हुआ। वे सफेद वस्त्रों में, वीणा लिए, हंस पर सवार होकर प्रकट हुईं। उनका यह रूप बताता है कि सरस्वती तत्व शुद्धता, सरलता और गहन अंतर्दृष्टि का प्रतीक है। हंस उनका वाहन इसलिए है क्योंकि हंस दूध और पानी को अलग कर सकता है, ठीक वैसे ही सरस्वती तत्व सत्य और असत्य, ज्ञान और अज्ञान को अलग करता है।

सरस्वती तत्व का जागरण अर्थात् व्यक्ति के भीतर वह क्षमता जागृत होना जब वह केवल जानकारी इकट्ठा करने से आगे बढ़कर समझने, विश्लेषण करने, सृजन करने और अभिव्यक्त करने में सक्षम हो जाता है। यह तत्व जागृत होने पर व्यक्ति की वाणी में मधुरता आती है, बुद्धि में स्पष्टता, हृदय में करुणा और जीवन में सृजनात्मकता। वसंत पंचमी का नामकरण दो भागों से हुआ, वसंत (ऋतु का राजा) और पंचमी (पांचवीं तिथि)। यह वह दिन है जब प्रकृति में नवजीवन का संचार होता है। सर्दी की जड़ता के बाद कोपलें फूटती हैं, फूल खिलते हैं, पक्षी गाते हैं और हवा में मादक सुगंध फैलती है। ठीक इसी प्रकार आध्यात्मिक दृष्टि से यह दिन अंतःकरण में सरस्वती तत्व के जागरण का प्रतीक है। जब सर्दियों की ठंडक में सब कुछ स्थिर और निष्क्रिय हो जाता है, तब वसंत की पहली किरण अज्ञान की उस ठंडक को पिघलाती है। पीला रंग, जो सरसों के फूलों, सूर्य की किरणों और सरस्वती के वस्त्रों का रंग है, प्रकाश, उल्लास और प्रज्ञा का प्रतीक है। इस दिन पीले वस्त्र धारण करना, पीले व्यंजन बनाना और पीले फूल चढ़ाना केवल परंपरा नहीं, बल्कि सरस्वती तत्व को आमंत्रित करने का सूक्ष्म संदेश है। आध्यात्मिक व्याख्या में वसंत पंचमी को विद्या जयंती भी कहा जाता है। यह वह दिन है जब देवी सरस्वती का प्राकट्य हुआ और उन्होंने संसार को अज्ञान के अंधकार से मुक्ति दी। कई विद्वान इसे गुप्त नवरात्रि के पांचवें दिन से जोड़ते हैं, जहां साधना के दौरान प्रज्ञा का अवतरण होता है।

पौराणिक कथाओं में वसंत पंचमी का उल्लेख विविध रूपों में मिलता है, जिनमें ब्रह्मा और सरस्वती की कथा के अनुसार सृष्टि रचना के समय ब्रह्मा जी को वाणी की आवश्यकता पड़ी। उनकी इच्छा से सरस्वती प्रकट हुईं। उन्होंने वेदों का उच्चारण किया और संसार को ज्ञान दिया। इसीलिए इस दिन को उनका जन्मदिन माना जाता है। एक और पौराणिक कथा कामदेव की पुनर्जीवन कथा है, जब शिव जी ने क्रोध में कामदेव को भस्म कर दिया था। रति की प्रार्थना पर वसंत पंचमी को कामदेव पुनर्जीवित हुए। यह कथा बताती है कि सरस्वती तत्व केवल बौद्धिक नहीं, बल्कि प्रेम और सृजन की ऊर्जा को भी जागृत करता है। ये कथाएं दर्शाती हैं कि सरस्वती तत्व सृष्टि का आधार है, बिना इसके न रचना संभव है, न अभिव्यक्ति।

इस दिन की पूजा विधि स्वयं सरस्वती तत्व के जागरण को प्रेरित करती है, जैसे पीले वस्त्र और फूल, प्रज्ञा के प्रकाश का प्रतीक है। वीणा, पुस्तक और कलम की पूजा, सृजनात्मक अभिव्यक्ति के साधनों का सम्मान है। ज्ञान के प्रति समर्पण का भाव बनाए रखने को प्रेरित करता है। सरस्वती वंदना, भजन, वाणी को शुद्ध और प्रभावशाली बनाने की साधना है। वहीं संगीत, नृत्य और कला कार्यक्रम सरस्वती के विभिन्न रूपों का उत्सव है। बच्चे इस दिन पहली बार अक्षर लिखते हैं (विद्या आरंभ संस्कार), जो उनके भीतर सरस्वती तत्व के प्रथम जागरण का क्षण होता है।

वसंत पंचमी हमें याद दिलाती है कि सच्चा विकास बाहरी नहीं, भीतरी है। जब सरस्वती तत्व जागृत होता है, तब व्यक्ति केवल जीवित नहीं रहता, जीवन को सार्थक और सुंदर बनाता है। वसंत पंचमी केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सरस्वती तत्व के जागरण का महोत्सव है। यह हमें सिखाता है कि हर सर्दी के बाद वसंत आता है, हर अज्ञान के बाद ज्ञान की किरण फूटती है। आइए, इस पावन अवसर पर हम अपने भीतर की उस दिव्य शक्ति को जागृत करें जो हमें अंधकार से प्रकाश, मौन से वाणी और स्थिरता से सृजन की ओर ले जाती है।

23 जनवरी : राष्ट्रीय बालिका दिवस सम्मान, सुरक्षा और समानता का सवाल

बाबूलाल नागा

भारत में विकास और समानता की चर्चा तब तक अधूरी मानी जाती है जब तक उसमें बालिकाओं की स्थिति का ईमानदार मूल्यांकन न हो। 23 जनवरी को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय बालिका दिवस इसी मूल्यांकन और आत्ममंथन का अवसर प्रदान करता है। यह दिन केवल औपचारिक आयोजन या शुभकामनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज, सरकार और परिवार—तीनों की जिम्मेदारियों को रेखांकित करता है। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति उसकी बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और अवसरों से आंकी जाती है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुरुआत वर्ष 2008 में भारत सरकार द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और लैंगिक भेदभाव जैसी सामाजिक समस्याओं पर गंभीर संवाद स्थापित करना रहा है। आजादी के सात दशक बाद भी देश के कई हिस्सों में बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और निर्णय लेने के अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यह स्थिति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि योजनाओं और नीतियों के बावजूद सामाजिक सोच में अपेक्षित बदलाव क्यों नहीं आ पाया।

भारतीय समाज में बालिकाओं को लेकर ऐतिहासिक रूप से दोहरी मानसिकता रही है। एक ओर देवी स्वरूप में पूजन तो दूसरी ओर जन्म से ही भेदभाव। बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या और शिक्षा से वंचित रखना जैसी कुप्रथाएं लंबे समय तक बालिकाओं के भविष्य पर भारी पड़ीं। हालांकि समय के साथ कानून बने, जागरूकता बढ़ी और कई सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिले, लेकिन ग्रामीण और वंचित तबकों में आज भी यह समस्याएं पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकी हैं।

शिक्षा को बालिका सशक्तिकरण की सबसे मजबूत आधारशिला माना जाता है। शिक्षित बालिका न केवल आत्मनिर्भर बनती है, बल्कि परिवार और समाज को भी आगे ले जाती है। इसी सोच के तहत केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी योजनाएं शुरू की गईं। इन योजनाओं से नामांकन दर में सुधार तो हुआ है, लेकिन स्कूल छोड़ने की समस्या, डिजिटल संसाधनों की कमी और सुरक्षित वातावरण का अभाव आज भी चिंता का विषय बना हुआ है।

स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में भी बालिकाओं की स्थिति पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। कुपोषण, एनीमिया और किशोरावस्था से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं आज भी बड़ी चुनौती हैं। पर्याप्त पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दिए बिना सशक्तिकरण की कल्पना अधूरी है। राष्ट्रीय बालिका दिवस हमें यह याद दिलाता है कि योजनाओं की सफलता तभी मानी जाएगी जब उनका लाभ अंतिम पंक्ति में खड़ी बालिका तक पहुंचे।

बालिकाओं की सुरक्षा आज के समय का सबसे संवेदनशील विषय बन चुका है। घरेलू हिंसा, यौन शोषण, साइबर अपराध और सार्वजनिक स्थलों पर असुरक्षा जैसी घटनाएं समाज के लिए गंभीर चेतावनी हैं। कानूनों के साथ-साथ सामाजिक सोच में बदलाव और संवेदनशीलता की आवश्यकता है। सुरक्षित वातावरण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि परिवार, विद्यालय और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

इसके बावजूद, यह भी सच है कि आज की बालिकाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। विज्ञान, खेल, कला, प्रशासन और उद्यमिता में उनकी बढ़ती भागीदारी यह साबित करती है कि अवसर मिलने पर वे किसी से पीछे नहीं हैं। अंतरिक्ष विज्ञान से लेकर खेल मैदान तक, बालिकाएं देश का नाम रोशन कर रही हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन रही हैं।

बालिकाओं के हित में बनाए गए कानून और नीतियां तभी प्रभावी हो सकती हैं, जब समाज उनका ईमानदारी से पालन करे। बाल विवाह निषेध अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम और शिक्षा का अधिकार जैसे कानून मजबूत आधार प्रदान करते हैं, लेकिन उनका क्रियान्वयन और सामाजिक स्वीकार्यता समान रूप से जरूरी है। मीडिया की भूमिका भी यहां महत्वपूर्ण हो जाती है, जो सकारात्मक उदाहरणों को सामने लाकर सामाजिक सोच को दिशा दे सकता है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस का असली उद्देश्य केवल एक दिन मनाना नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास करना है। यह दिन हमें यह संकल्प लेने की प्रेरणा देता है कि हर बालिका को सुरक्षित बचपन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य और सम्मानजनक भविष्य मिले। जब एक बालिका सशक्त होती है, तो पूरा समाज मजबूत होता है।

23 जनवरी पर यही संदेश उभरकर सामने आता है कि बेटियां बोझ नहीं, बल्कि राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। आवश्यकता है उन्हें बराबरी का अवसर देने की, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ कह सकें—मैं सुरक्षित हूं, शिक्षित हूं और अपने सपनों को पूरा करने के लिए स्वतंत्र हूं।

दावोस 2026 का कूटनीतिक विद्रोह और बदलती विश्व व्यवस्था- अमेरिका फर्स्ट से वैश्विक फ्रैक्चर तक-एक निर्णायक मोड़ का समग्र विश्लेषण

भारत-यूरोप-अमेरिका क्रे लंबे समय से लोकतांत्रिक मूल्यों मुक्त व्यापार और साझा सुरक्षा हितों क्रो ट्रंप युग की आक्रामक अमेरिका फर्स्ट नीति ने संभवतः अस्थिर कर दिया है - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

वैश्विक स्तरपर 19-23 जनवरी 2026 को स्विट्ज़रलैंड के दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की 56वीं वार्षिक बैठक इतिहास में केवल आर्थिक बहसों के लिए नहीं, बल्कि अमेरिका और उसके परंपरागत सहयोगियों के बीच खुले कूटनीतिक टकराव के लिए याद की जाएगी।यह वही मंच है, जहाँ वैश्विक सहमति बनती रही है, लेकिन इस बार वैश्विक असहमति ने स्वर लिया।ट्रंप का यह दूसरा कार्यकाल अब स्पष्ट रूप से संकेत दे रहा है कि अमेरिका फर्स्ट अब अमेरिका अलोन की ओर बढ़ रहा है, और यही बात यूरोप,कनाडा और ब्रिटेन जैसे देशों के लिए असहनीय बनती जा रही है।22 जनवरी को ट्रंप जब दावोस के लिए रवाना हो रहे थे, तभी उनके विमान में तकनीकी खराबी आ गई।उन्हें सीमा क्षेत्र में आपात लैंडिंग करनी पड़ी और फिर दूसरे विमान से दावोस पहुँचना पड़ा।यह घटना केवल एक तकनीकी व्यवधान नहीं थी,बल्कि कई विश्लेषकों ने इसे अमेरिकी नेतृत्व की अस्थिरता का प्रतीकात्मक संकेत माना।योजना के अनुसार ट्रंप को 45 मिनट का भाषण देना था, लेकिन उन्होंने 70 मिनट तक मंच पर रहकर यूरोप,नाटो, कनाडा और वैश्विक व्यवस्था पर तीखा हमला बोला। यह भाषण रक्षात्मक नहीं, बल्कि आक्रामक और चेतावनी-भरा था। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह समझता हूं क्रट्रिंप का दावोस भाषण यह स्पष्ट करता है कि वे अब साझेदारी की भाषा छोड़ चुके हैं और शक्ति की राजनीति को खुलकर अपना चुके हैं।उनके भाषण के पाँच प्रमुख बिंदु (1) ग्रीनलैंड की सुरक्षा केवल अमेरिका कर सकता है,संप्रभुता पर खुली चुनौती (2)(3) कनाडा अमेरिका की वजह से है,मित्र राष्ट्र का अपमान (4) नाटो पर ट्रंप का अविश्वासः सुरक्षा गठबंधन की नींव हिलती हुई (5) ग्रीनलैंड के लिए ताकत का इस्तेमाल नहीं करेंगेलेकिन शर्तों के साथ यह पांचो बातें विश्व राजनीति में दूरगामी प्रभाव डालते हैं।

साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा दाओस 2026 में 70 मिनट क्रे भाषण में पांच बातों को विस्तार से समझने की करें तो (1) ट्रंप ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ग्रीनलैंड की सुरक्षा केवल अमेरिका कर सकता है,और यह किग्रीनलैंड अमेरिका के लिए रणनीतिक रूप से अनिवार्य है।यह बयान डेनमार्क और यूरोपीय यूनियन की संप्रभुता पर सीधा आघात है।ग्रीनलैंड न केवल आर्कटिक क्षेत्र में स्थित है,बल्किदुर्लभ खनिजों,सामरिक समुद्री मार्गों, और भविष्य की ऊर्जा राजनीति का केंद्र भी है। ट्रंप का यह दावा बताता है कि अमेरिका अब अंतरराष्ट्रीय कानून से ऊपर स्वयं को मानने की मानसिकता में प्रवेश कर चुका है।(2) ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध करने के लिए ट्रंप ने डेनमार्क को अहसान-फरामोश कहा। यह भाषा किसी राष्ट्राध्यक्ष की नहीं, बल्कि कॉरपोरेट बॉस या गैंग लीडर की शैली जैसी प्रतीत होती है।यही कारण है कि यूरोपीय सांसदों और मीडिया ने ट्रंप को इंटरनेशनल गैंगस्टर तक कहा। यह छवि अब केवल आलोचना नहीं, बल्कि वैश्विक धारणा बनती जा रही है।(3) ट्रंप ने कहा कि आज का कनाडा अमेरिका की वजह से है,और कनाडा के पीएम को यह याद रखना चाहिए।यह बयान न केवल ऐतिहासिक रूप से भ्रामक है, बल्कि कनाडा की संप्रभुता और आत्मसम्मान पर सीधा हमला है।यही कारण है कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कारने का भाषण दावोस का सबसे चर्चित भाषण बन गया।मार्क कारने का जवाब,झूठ की दुनिया बनाम सम्मान की राजनीति मार्क कारने ने कहा, हम एक झूठ की दुनियाँ में जी रहे हैं, जहाँ कमजोर देशों से यह उम्मीद की जाती है कि वे ताकतवर देशों के सामने झुक जाएँ। यह सोच कि इससे उनके हित सुरक्षित रहेंगे,एक प्रकार की गुलामी है और यह अब नहीं चलेगी। उनकी पाँच मुख्य बातें स्पष्ट संकेत देती हैं कि अमेरिका - केंद्रित वैश्विक व्यवस्था अब टूट रही है।(4) ट्रंप ने कहा कि उन्हें शक है कि जरूरत पड़ने पर नाटो अमेरिका की मदद करेगा या नहीं।यह बयान नाटो जैसे संगठन की आत्मा पर प्रहार है।यदि अमेरिका स्वयं अपने बनाए गठबंधन पर विश्वास नहीं करता,तो यूरोप क्यों भरोसा करे ?छोटे देश क्यों आश्वस्त रहें ?यही कारण है कि यूरोप अब स्वतंत्र सुरक्षा संरचना पर गंभीरता से विचार कर रहा है।(5) ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका ग्रीनलैंड हासिल करने के लिए ताकत का इस्तेमाल नहीं करेगा,लेकिन यह कथन किसी आश्वासन की तरह नहीं, बल्कि रणनीतिक दबाव जैसा लगा।इतिहास गवाह है कि अमेरिका पहले ताकत नहीं कहता है,फिर आर्थिक दबाव,प्रतिबंध,और अंततः सैन्य उपस्थिति के ज़रिए लक्ष्य हासिल करता है।

साथियों बात अगर हम भारत- यूरोप- अमेरिका त्रिकोण : रणनीतिक संतुलन की नई परीक्षा इसको समझने की करें तो,भारत-यूरोप-अमेरिका का त्रिकोण लंबे समय तक लोकतांत्रिक मूल्यों, मुक्त व्यापार और साझा सुरक्षा हितों पर आधारित माना जाता रहा है, लेकिन ट्रंप युग की आक्रामक अमेरिका फर्स्ट नीतिने इस संतुलन को अस्थिर कर दिया है। यूरोप अब खुलकर अमेरिकी दबावों का विरोध कर रहा है, जबकि भारत इस टकराव में प्रत्यक्ष टकराव से बचते हुए रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने की नीति पर चल रहा है। भारत के लिए यह स्थिति अवसर और चुनौती दोनों है,अवसर इसलिए कि यूरोप अब भारत को एक भरोसेमंद आर्थिक और राजनीतिक साझेदार के रूप में देख रहा है, और चुनौती इसलिए कि अमेरिका अब साझेदारी को बराबरी नहीं,बल्कि अधीनता की शर्तों पर परखना चाहता है।इस त्रिकोण में भारत की भूमिका बैलेंसिंग पावर की बनती जा रही है। यूरोप भारत के साथ व्यापार, टेक्नोलॉजी और सप्लाई-चेन में सहयोग बढ़ाना चाहता है, जबकि अमेरिका भारत को चीन-विरोधी रणनीति के एक औज़ार की तरह देखता है। ऐसे में भारत के लिए स्पष्ट है कि उसे किसी एक ध्रुव में बंधने के बजाय मल्टी-अलाइनमेंट की नीति को और मज़बूत करना होगा।दावोस 2026 के घटनाक्रम यह संकेत देते हैं कि आने वाले वर्षों में भारत-यूरोप संबंध अधिक गहरे होंगे, जबकि अमेरिका के साथ रिश्ते हित-आधारित लेकिन सतर्क रहेंगे।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय कानून और संप्रभुता : शक्ति बनाम नियमों की टकराहट इसको समझने की करें तो,अंतरराष्ट्रीय कानून की मूल आत्मा संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और आपसी सहमति पर आधारित है, लेकिन ट्रंप की भाषा और दावोस में दिए गए बयान इन सिद्धांतों को चुनौती देते दिखाई देते हैं। ग्रीनलैंड को लेकर सुरक्षा के नाम पर दावा करना, डेनमार्क जैसे संप्रभु देश को अपमानित करना और सहयोगी देशों पर दबाव बनाना यह दर्शाता है कि अमेरिका अब नियम-आधारित व्यवस्था से शक्ति-आधारित व्यवस्था की ओर झुक रहा है। यह रुख केवल यूरोप के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक खतरनाक मिसाल बन सकता है।भारत जैसे देशों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से संवेदनशील है क्योंकि भारत हमेशा से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर संप्रभुता और गैर- हस्तक्षेप का पक्षधर रहा है। यदि शक्तिशाली देश खुले तौर पर अंतरराष्ट्रीय कानून की अनदेखी करने लगें, तो छोटे और मध्यम देशों की सुरक्षा और स्वायत्तता खतरे में पड़ सकती है। इसी कारण भारत और यूरोप दोनों के हित इस बात में निहित हैं कि वे संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय और बहुपक्षीय संस्थाओं को मज़बूत करें। दावोस 2026 यह स्पष्ट संकेत देता है कि आने वाले समय में वैश्विक राजनीति का सबसे बड़ा संघर्ष कानून बनाम ताकतके बीच होगा, और इसी संघर्ष में नई विश्व व्यवस्था का स्वरूप तय होगा।

साथियों बात अगर हम 23 जनवरी 2026 को समाप्त हुई दओस बैठक की करें तो इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यूरोपीय नेता अब बंद कमरों में नहीं,खुले मंच से ट्रंप का विरोध कर रहे हैं।फ्रांस के राष्ट्रपति एम्मानुएल मैक्रों ने कहा,यूरोप को अब अमेरिका की ताकत के सामने झुकने की आदत छोड़नी होगी।ब्रिटेन के पीएम ने स्पष्ट किया कि वे ग्रीनलैंड मुद्दे पर और टैरिफ धमकियों पर अमेरिका के दबाव में नहीं झुकेंगे।यह बयान इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि ब्रिटेन अमेरिका का सबसे करीबी सहयोगी माना जाता रहा है।अब व्यक्तिगत अहंकारों से संचालित हो रही है।अमेरिका फर्स्ट से विश्व फर्स्ट की टकराहट,ट्रंप का अमेरिका फर्स्ट अब स्पष्ट रूप से बहुपक्षीय संस्थाओं,अंतरराष्ट्रीय नियमों,और साझी जिम्मेदारियों के खिलाफ खड़ा दिखाई देता है। इसके विपरीत, यूरोप और कनाडा सम्मान, साझेदारी और संतुलन की बात कर रहे हैं।दावोस 2026 यह संकेत देता है कि अमेरिका का निर्विवाद नेतृत्व समाप्त हो रहा है,दुनियाँ बहुध्रुवीय नहीं,बल्कि खंडित हो रही है। यह बदलाव किसी नए संतुलन की ओर नहीं,बल्कि अनिश्चितता और टकराव की ओर संकेत करता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि दावोस 2026 इतिहास का मोड़ हैं, दावोस 2026 केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि अमेरिका और उसकेसहयोगियों के बीच विश्वास के टूटने का दस्तावेज़ बन गया है।डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक भाषा,यूरोप का खुला प्रतिरोध,कनाडा और ब्रिटेन की स्पष्ट असहमति ये सब संकेत हैं कि पुरानी विश्व व्यवस्था अब टिकाऊ नहीं रही।दुनिया किसी नए नेतृत्व की ओर नहीं, बल्कि नए संघर्षों और नई सच्चाइयों की ओर बढ़ रही है।यह केवल ट्रंप युग नहीं, बल्कि एक युगांत का संकेत है।

हनी ट्रैप: भय, बदनामी और अपराध का संगठित जाल

(भीलवाड़ा जिले में सामने आए मामले के संदर्भ में)

- डॉ. सत्यवान सौरभ

राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में हनी ट्रैप के जरिए आम नागरिकों को फंसाकर ब्लैकमेल करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश न केवल एक आपराधिक नेटवर्क का खुलासा है, बल्कि समाज के भीतर गहराते भय, चुप्पी और बदनामी की मानसिकता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है। यह मामला दर्शाता है कि किस तरह मानवीय कमजोरियों, सामाजिक संकोच और कानूनी डर का इस्तेमाल कर कुछ गिरोह सुनियोजित तरीके से लोगों को आर्थिक, मानसिक और सामाजिक रूप से बर्बाद कर रहे हैं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि इस गिरोह में शामिल कुछ महिलाएं योजनाबद्ध ढंग से आम नागरिकों से संपर्क साधती थीं, उनसे दोस्ती और भावनात्मक नजदीकी बढ़ाती थीं, फिर उन्हें आपत्तिजनक परिस्थितियों में फंसा कर झूठे दुष्कर्म, अपहरण, मारपीट या अन्य गंभीर आपराधिक मामलों में फंसाने की धमकी देकर मोटी रकम वसूलती थीं। यह कोई आकस्मिक अपराध नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति के तहत संचालित संगठित अपराध था।

जांच एजेंसियों के अनुसार इस गिरोह की कार्यप्रणाली बेहद सुनियोजित और चरणबद्ध थी। पहले चरण में आरोपी महिलाएं सोशल मीडिया, फोन कॉल या व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से संभावित शिकार से दोस्ती करती थीं। धीरे-धीरे भावनात्मक या व्यक्तिगत नजदीकी बढ़ाई जाती थी, जिससे पीड़ित को किसी खतरे का आभास न हो।

दूसरे चरण में पीड़ित को ऐसी स्थिति में ले जाया जाता था, जहां उसके खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री या परिस्थितियाँ बनाई जा सकें। इसके बाद तीसरे और सबसे खतरनाक चरण में शुरू होता था भय का खेल—झूठे मुकदमों, पुलिस कार्रवाई, सामाजिक बदनामी और परिवार की प्रतिष्ठा पर आंच की धमकियों के जरिए ब्लैकमेलिंग।

कई मामलों में यह भी सामने आया है कि आरोपी महिलाएं अकेली नहीं थीं। उनके पति, प्रेमी या अन्य पुरुष सहयोगी इस पूरे षड्यंत्र में सक्रिय भूमिका निभाते थे—कभी धमकी देने वाले बनकर, कभी फर्जी गवाह के रूप में और कभी कथित अपहरण या मारपीट की कहानी रचने में सहायक बनकर।

पुलिस के अनुसार इन मामलों में ब्लैकमेलिंग, अवैध रूप से बंधक बनाना, अपहरण, मारपीट, लूट और आपराधिक षड्यंत्र जैसी गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। यह स्पष्ट करता है कि यह अपराध केवल नैतिक या सामाजिक दायरे तक सीमित नहीं, बल्कि विधि व्यवस्था के लिए सीधी चुनौती है।

जांच में यह भी सामने आया है कि कुछ आरोपी महिलाएं पहले भी हनी ट्रैप के मामलों में जेल जा चुकी हैं, जबकि कुछ के खिलाफ अन्य आपराधिक प्रकरण अभी अनुसंधान के अधीन हैं। इसका अर्थ यह है कि यह अपराध किसी एक घटना का परिणाम नहीं, बल्कि लंबे समय से सक्रिय एक नेटवर्क का हिस्सा है, जो बार-बार नए शिकार तलाशता रहा।

इस पूरे मामले का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि अधिकांश पीड़ित सामाजिक बदनामी के भय से लंबे समय तक सामने नहीं आए।

भारतीय समाज में आज भी व्यक्तिगत संबंधों, नैतिकता और इज्जत को लेकर गहरी संवेदनशीलता है। इसी मानसिकता का लाभ उठाकर ऐसे गिरोह लोगों को चुप रहने पर मजबूर कर देते हैं।

पीड़ित यह सोचकर डरते हैं कि यदि उन्होंने पुलिस से संपर्क किया तो समाज, परिवार या कार्यस्थल पर उनकी छवि खराब हो जाएगी। इसी डर का इस्तेमाल कर आरोपी बार-बार रकम वसूलते रहे। कई मामलों में पीड़ितों से लाखों रुपये तक की उगाही की गई, फिर भी धमकियों का सिलसिला खत्म नहीं हुआ।

पुलिस का स्पष्ट कहना है कि ऐसे मामलों में चुप्पी अपराधियों को और मजबूत करती है। जितना अधिक समय पीड़ित डर के कारण चुप रहता है, उतना ही अधिक वह अपराधी के नियंत्रण में चला जाता है। यही कारण है कि भीलवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने आमजन से अपील की है कि ऐसे किसी भी मामले में भयभीत न हों और तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

पुलिस ने यह भी आश्वासन दिया है कि पीड़ित की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और जांच के दौरान उसकी सुरक्षा और सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाएगा। महिला हो या पुरुष—किसी भी आरोपी को कानून के दायरे से बाहर नहीं रखा जाएगा।

यह मामला एक और संवेदनशील प्रश्न उठाता है—कानून का दुरुपयोग। महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानून समाज के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, लेकिन जब इन्हीं कानूनों का इस्तेमाल झूठे आरोपों और ब्लैकमेलिंग के लिए किया जाता है, तो इसका सबसे बड़ा नुकसान वास्तविक पीड़ितों को होता है।

यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि हनी ट्रैप जैसे मामलों को उजागर करना महिलाओं के खिलाफ नहीं, बल्कि कानून के दुरुपयोग के खिलाफ कार्रवाई है। न्याय प्रणाली की साख तभी बनी रह सकती है जब वह हर मामले को निष्पक्षता से देखे—चाहे आरोपी महिला हो या पुरुष।

हनी ट्रैप जैसे संगठित अपराध केवल पुलिस कार्रवाई से पूरी तरह खत्म नहीं हो सकते। इसके लिए समाज को भी अपनी सोच में बदलाव लाना होगा। पीड़ित को दोषी ठहराने की प्रवृत्ति, चरित्र पर सवाल उठाने की मानसिकता और बदनामी का भय—ये सभी अपराधियों के सबसे बड़े हथियार हैं।

प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह ऐसे मामलों में तेज, निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई करे, वहीं समाज की जिम्मेदारी है कि वह पीड़ित के साथ खड़ा हो, न कि उसे कटघरे में खड़ा करे। भीलवाड़ा जिले में सामने आया हनी ट्रैप गिरोह का खुलासा एक चेतावनी है—आम नागरिकों के लिए भी और व्यवस्था के लिए भी। यह मामला दिखाता है कि अपराध अब केवल हथियारों से नहीं, बल्कि मानसिक दबाव, भय और सामाजिक कमजोरियों से भी किया जा रहा है।

ऐसे समय में सबसे जरूरी है—जागरूकता, साहस और कानून पर भरोसा। जब पीड़ित चुप्पी तोड़ेंगे, तभी अपराधियों का यह जाल कमजोर पड़ेगा। पुलिस की अपील और कार्रवाई तभी सफल होगी, जब समाज डर के बजाय सच का साथ देगा।

हनी ट्रैप केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि सामाजिक और कानूनी चुनौती है। इसका समाधान भी सामूहिक साहस, संवेदनशील सोच और निष्पक्ष न्याय में ही निहित है।

(डॉ. सत्यवान सौरभ, पीएचडी (राजनीति विज्ञान), एक कवि और सामाजिक विचारक है।)

भारत की जीवनरेखा पर खेला जा रहा वैश्विक दांव

- प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

इतिहास बताता है कि युद्ध हमेशा बंदूकों से नहीं लड़े जाते; कई बार नदियाँ, सड़कें और परियोजनाएँ ही हथियार बन जाती हैं। आज भारत के उत्तर-पूर्वी प्रवेशद्वार पर ऐसा ही एक खतरनाक खेल रचा जा रहा है। उत्तर बांग्लादेश की शांत दिखने वाली सीमाओं के पीछे एक गहरी रणनीतिक चाल आकार ले रही है, जिसका केंद्र तीस्ता नदी है और निशाना भारत का सिलीगुड़ी कॉरिडोर—देश की तथाकथित "चिकन नेक"। जनवरी २०२६ में चीनी राजदूत याओ वेन का बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ तीस्ता परियोजना स्थल का दौरा महज औपचारिक निरीक्षण नहीं था, बल्कि भारत की सामरिक नब्ज को टटोलने का सायास प्रयास था। भारत की जीवनरेखा से कुछ ही किलोमीटर दूर हुआ यह दौरा इसे सामान्य नहीं, बल्कि असाधारण रूप से चिंताजनक बनाता है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर केवल २१ किलोमीटर चौड़ा वह संकरा गलियारा है जो भारत की मुख्य भूमि को उसके आठ पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ता है। नेपाल, भूटान और बांग्लादेश से घिरे इस क्षेत्र में यदि कभी अवरोध पैदा हुआ, तो पूरा पूर्वोत्तर देश से कट सकता है। चीन इस भौगोलिक कमजोरी को वर्षों से समझता रहा है और अब उसे भुनाने की दिशा में ठोस कदम उठाता दिख रहा है। तीस्ता मास्टर प्लान के नाम पर ड्रेजिंग, तटबंध, जलाशय और भूमि पुनर्प्राप्ति जैसे कार्य प्रस्तावित हैं, जिनमें चीनी कंपनियों की प्रमुख भूमिका बताई जा रही है। बांग्लादेश इसे विकास का अवसर बता रहा है, लेकिन सामरिक विशेषज्ञों के लिए यह वह कसती रस्सी है जो धीरे-धीरे भारत की गर्दन के चारों ओर डाली जा रही है। मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार का रुख इस आशंका को और गहरा करता है। जल संसाधन सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन का चीनी राजदूत के साथ मौके पर जाना और चीन की "तत्काल रुचि" को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना संकेत देता है कि ढाका अब दिल्ली की संवेदनाओं से अधिक बीजिंग की ओर झुक रहा है। लालमोनिरहाट एयरबेस को पुनः सक्रिय करने की चर्चाएँ और वहां संभावित चीनी मौजूदगी की आशंका पूरे घटनाक्रम को और भी संदिग्ध बना देती है। ये सभी कड़ियाँ मिलकर ऐसा परिदृश्य रचती हैं, जिसमें विकास की आड़ में सैन्य और खुफिया संभावनाओं के बीज बोए जा रहे हैं।

भारत-बांग्लादेश संबंधों की पृष्ठभूमि पहले से ही तनाव से भरी रही है। तीस्ता जल बंटवारे पर २०११ का अंतरिम समझौता आज तक अधर में अटका है। पश्चिम बंगाल की आपत्तियाँ और केंद्र-राज्य समन्वय की कमी ने इस मसले को सुलझने नहीं दिया। अब इसी भ्रम और खालीपन का लाभ चीन उठाता दिख रहा है। दिसंबर २०२५ में ढाका में हुए भारत-विरोधी प्रदर्शन और भारतीय दूतावास पर हमले की कोशिशों ने स्पष्ट कर दिया था कि बांग्लादेशी राजनीति में भारत के प्रति माहौल बदल चुका है। यूनुस का पूर्वोत्तर को "लैंडलॉक्ड" बताकर तंज कसना और चीन की आर्थिक ताकत का उल्लेख करना, इस बदले रुख की खुली अभिव्यक्ति थी।

तीस्ता परियोजना के लिए चीन से मांगा गया ८५३ मिलियन डॉलर का ऋण केवल एक आर्थिक लेन-देन नहीं, बल्कि रणनीतिक निर्भरता की शुरुआत है। इतिहास गवाह है कि जहां-जहां चीन ने कर्ज के जरिये प्रवेश किया, वहां इसने धीरे-धीरे राजनीतिक और सैन्य प्रभाव भी कायम किया। श्रीलंका का हम्बनटोटा बंदरगाह इसका सशक्त उदाहरण है। यदि तीस्ता पर चीन की पकड़ मजबूत होती है, तो जल नियंत्रण भविष्य में दबाव का औजार बन सकता है। सूखे में पानी रोकना या मानसून में बाढ़ की स्थिति बनाना, पूर्वोत्तर राज्यों में अस्थिरता फैलाने के लिए काफी होगा। भारतीय खुफिया एजेंसियां इस खतरे को हल्के में नहीं ले रही हैं। रॉ और अन्य सुरक्षा संस्थान तीस्ता क्षेत्र में चीनी गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। आशंका यह भी है कि इंजीनियरिंग और तकनीकी टीमों के साथ-साथ खुफिया नेटवर्क भी जमीन पर सक्रिय किए जा सकते हैं। यदि सिलीगुड़ी कॉरिडोर के आसपास किसी भी तरह की सैन्य या निगरानी संरचना खड़ी होती है, तो यह भारत की सुरक्षा के लिए सीधी चुनौती होगी। यह केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अखंडता से जुड़ा गंभीर प्रश्न बन जाता है।

चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव की पृष्ठभूमि में तीस्ता परियोजना को देखें तो पूरी तस्वीर और भी साफ हो जाती है। दक्षिण एशिया में भारत को घेरने की रणनीति के तहत पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका और अब बांग्लादेश में चीनी मौजूदगी लगातार बढ़ाई जा रही है। आर्थिक सहायता, अस्पताल, सड़कें और बांध—ये सभी केवल साधन हैं, असली लक्ष्य है प्रभाव और नियंत्रण। बांग्लादेश के लिए यह सौदा अल्पकाल में लाभकारी लग सकता है, लेकिन दीर्घकाल में यह उसकी संप्रभुता के लिए जोखिम भरा सिद्ध हो सकता है।

अब भारत के सामने समय की सबसे कठिन परीक्षा है। कूटनीतिक शिष्टाचार से आगे बढ़कर स्पष्ट और ठोस रणनीति अपनाना आवश्यक हो गया है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा को अभेद्य बनाना, सीमाओं पर निगरानी और आधारभूत ढांचे को सशक्त करना, तथा पूर्वोत्तर को हर मौसम में निर्बाध रूप से जोड़ने वाली वैकल्पिक व्यवस्थाएँ विकसित करना अनिवार्य है। साथ ही, तीस्ता जल समझौते पर राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाते हुए समाधान निकालना होगा, ताकि चीन को हस्तक्षेप का अवसर ही न मिले।

यदि समय रहते इस खतरे को नहीं समझा गया, तो "चिकन नेक" केवल एक उपमा नहीं, बल्कि भारत की वास्तविक कमजोरी बन सकती है। यह सिर्फ एक नदी या एक परियोजना का प्रश्न नहीं है, बल्कि देश की एकता, संप्रभुता और भविष्य की दिशा से जुड़ा निर्णायक क्षण है। आज भारत को सतर्क, संगठित और निर्णायक होना होगा, क्योंकि इतिहास उसी को याद रखता है जो आने वाले खतरे को समय रहते पहचानकर उसका सामना करता है।

एक महानायक की कहानी : नेताजी सुभाष चंद्र बोस और पराक्रम दिवस

सुनील कुमार महला

23 जनवरी को, वर्ष 2021 से भारत में 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। वास्तव में, यह दिवस भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उनके अदम्य साहस, उनकी वीरता और राष्ट्रप्रेम को समर्पित है। पाठकों को बताता चलूं कि नेताजी का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओड़िशा के कटक शहर में हुआ था तथा इस वर्ष यानी कि वर्ष 2026 में हम उनकी 129वीं जयंती मनाने जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पहला पराक्रम दिवस कोलकाता के विक्टोरिया मेमोरियल में आयोजित किया गया था, जबकि वर्ष 2022 में नई दिल्ली के इंडिया गेट पर नेताजी की भव्य होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण किया गया।नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और माता का नाम प्रभावती दत्त बोस था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा रेवेनशॉ कॉलेजिएट स्कूल में हुई और आगे चलकर उन्होंने कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज में अध्ययन किया। यहीं से उनके भीतर ब्रिटिश शासन के प्रति विरोध की भावना और अधिक प्रबल हुई। जानकारी मिलती है कि प्रेसीडेंसी कॉलेज में पढ़ाई के दौरान एक अंग्रेज प्रोफेसर ओटीन द्वारा भारतीयों के प्रति की गई नस्लीय टिप्पणी का उन्होंने खुलकर विरोध किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें कॉलेज से निष्कासित कर दिया गया था।वर्ष 1919 में सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय सिविल सेवा (आइसीएस) की परीक्षा उत्तीर्ण की और चौथा स्थान प्राप्त किया, जो उस समय किसी भी भारतीय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि थी। किंतु देशसेवा को सर्वोपरि मानते हुए उन्होंने इस प्रतिष्ठित पद से इस्तीफा दे दिया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उनके क्रांतिकारी विचारों और गतिविधियों के कारण उन्हें 1921 से 1941 के बीच 11 बार जेल जाना पड़ा। यह एक रोचक तथ्य है कि 1930 में जेल में रहते हुए ही वे कलकत्ता के मेयर भी चुने गए। नेताजी स्वामी विवेकानंद से अत्यधिक प्रभावित थे और उन्हें अपना आध्यात्मिक गुरु मानते थे। उनके राजनीतिक गुरु देशबंधु चित्तरंजन दास थे तथा वे रामकृष्ण परमहंस, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के 'आनंद मठ' तथा भारतीय दर्शन से भी प्रेरित थे। उन्होंने पश्चिमी और भारतीय विचारों का अद्भुत समन्वय किया। वर्ष 1921 में उन्होंने चित्तरंजन दास की स्वराज पार्टी द्वारा प्रकाशित समाचार पत्र 'फॉरवर्ड' के संपादन का कार्य भी संभाला। पाठकों को बताता चलूं कि नेताजी पूर्ण स्वराज के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने मोतीलाल नेहरू रिपोर्ट का विरोध किया, जिसमें भारत को डोमिनियन स्टेटस देने की बात कही गई थी। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देता चलूं कि डोमिनियन स्टेटस ब्रिटिश साम्राज्य की वह राजनीतिक व्यवस्था थी, जिसके अंतर्गत किसी उपनिवेश को आंतरिक स्वशासन प्रदान किया जाता था, लेकिन वह देश ब्रिटिश क्राउन (राजा/रानी) के अधीन ही रहता था। ऐसे देशों को अपने घरेलू मामलों में स्वतंत्रता होती थी, पर विदेश नीति, रक्षा और संवैधानिक सर्वोच्चता में ब्रिटेन का प्रभाव बना रहता था। भारत के संदर्भ में डोमिनियन स्टेटस का अर्थ था कि भारत एक स्वशासित राष्ट्र बन जाए,

किंतु पूर्ण स्वतंत्र गणराज्य न होकर ब्रिटिश सम्राट को अपना संवैधानिक प्रमुख माने। इसी कारण महात्मा गांधी और कांग्रेस के कई नेताओं ने प्रारंभ में डोमिनियन स्टेटस को अपूर्ण स्वतंत्रता मानते हुए अस्वीकार किया और बाद में पूर्ण स्वराज की माँग को लक्ष्य बनाया।संक्षेप में कहें तो, डोमिनियन स्टेटस स्वतंत्रता की दिशा में एक अंतरिम और सीमित व्यवस्था थी, न कि संपूर्ण स्वतंत्रता। वे 1930 के नमक सत्याग्रह में सक्रिय रहे और गांधी-इरविन समझौते तथा सविनय अवज्ञा आंदोलन के स्थगन का विरोध किया। दूसरे शब्दों में कहें तो सुभाष चन्द्र बोस नमक सत्याग्रह के वैचारिक, संगठनात्मक और राजनीतिक स्तर पर सक्रिय सहभागी थे, भले ही वे दांडी मार्च के प्रत्यक्ष सत्याग्रही न रहे हों। यद्यपि महात्मा गांधी से उनके वैचारिक मतभेद थे, फिर भी 'राष्ट्रपिता' कहकर गांधी जी को संबोधित करने वाले वे पहले नेता थे। यहां यह भी गौरतलब है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नेताजी ने जर्मनी से 'आज़ाद हिंद रेडियो' की शुरुआत की, जिसके माध्यम से उन्होंने भारतीयों को ब्रिटिश शासन के विरुद्ध जागरूक किया। उनका प्रसिद्ध नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा' भारत में नहीं, बल्कि बर्मा (म्यांमार) में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए दिया गया था। 'दिल्ली चलो' का नारा भी उन्हीं की देन है। यह भी कम लोग जानते हैं कि रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित 'जन गण मन' को राष्ट्रगान के रूप में सबसे पहले आज़ाद हिंद फौज ने अपनाया। इतना ही नहीं, नेताजी ने जापान की सहायता से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को अंग्रेजों से मुक्त कराया और वहाँ पहली बार स्वतंत्र भारत का झंडा फहराया तथा उनके नेतृत्व में गठित आज़ाद हिंद सरकार को जापान, जर्मनी, इटली सहित लगभग 9 देशों ने मान्यता दी थी। आजाद हिंद फौज का गठन 1942 में हुआ था। मान्यता देने वालों में क्रोएशिया, बर्मा, थाईलैंड, फिलीपींस, मंचूरिया और चीन गणराज्य (वांग जिंगवेई के अधीन) भी शामिल थे। उन्होंने 'रानी लक्ष्मीबाई रेजिमेंट' (आइएनए महिला रेजीमेंट) का गठन किया, जो एशिया की पहली पूर्णतः महिला सैन्य टुकड़ी थी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय सेना (आइएनए,जिसे आजाद हिंद फौज भी कहा जाता है) का गठन प्रारंभ में कैप्टन मोहन सिंह और जापानी मेजर इविची फुजिवारा के नेतृत्व में हुआ। इसमें ब्रिटिश-भारतीय सेना के युद्धबंदी, सिंगापुर की जेलों में बंद भारतीय तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के भारतीय नागरिक शामिल थे। बाद में इसकी संख्या बढ़कर लगभग 50,000 हो गई। वर्ष 1944 में आइएनए ने इम्फाल और बर्मा में मित्र देशों की सेनाओं से मुकाबला किया। नवंबर 1945 में जब अंग्रेजों ने आइएनए के सैनिकों पर मुकदमे चलाए, तो पूरे भारत में व्यापक जन-आंदोलन हुआ। नेताजी केवल क्रांतिकारी नेता ही नहीं थे, बल्कि वे उपनिषद, गीता, वेदांत और योग दर्शन के गंभीर अध्येता भी थे। वे मानते थे कि भारत की स्वतंत्रता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक पुनर्जागरण से भी जुड़ी है। 'जय हिंद' का नारा उन्होंने स्वयं नहीं गढ़ा, लेकिन इसे आज़ाद हिंद फौज का आधिकारिक अभिवादन बनाकर जन-जन तक पहुँचाया। आज यह भारत का राष्ट्रीय अभिवादन है। द्वितीय विश्व युद्ध के अंत में हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए जाने के बाद 16 अगस्त 1945 को जापान ने आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद नेताजी जापानी विमान से दक्षिण-पूर्व एशिया छोड़कर चीन की ओर रवाना हुए। कहा जाता है कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और वे गंभीर रूप से घायल हो गए, किंतु उनकी मृत्यु को लेकर आज भी अनेक रहस्य बने हुए हैं।इस प्रकार, सुभाष चंद्र बोस केवल एक क्रांतिकारी नेता ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी विचारक, अनुशासित सेनानी और आध्यात्मिक राष्ट्रभक्त थे। उनका सपना केवल भारत को आज़ाद कराना नहीं था, बल्कि उसे सशक्त, आत्मनिर्भर, समानतामूलक और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाना था। नेताजी का जीवन आज भी प्रत्येक भारतीय को त्याग, साहस, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देता है।

फ्रीलांस राइटर, कॉलमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।

मन की नाकारात्मकता को सुधारने हेतु मनुष्य सेवा कार्य करें - पंडित राकेश व्यास

महेश्वर मध्यप्रदेश में भोगों से मुक्ति रोगों से छुटकारा तथा पाप का क्षय अक्षय पुण्यदान की प्राप्ति मां

रेवा के तट पर मिलती है उक्त विचार कथा वाचक पंडित राकेश व्यास ने कथा के छठवें दिन व्यक्ति द्वारा किये सेवा सत्संग का पर्याय है और यही तो सत्संग है । मन की नाकारात्मक को सुधारने हेतु मनुष्य को सेवा कार्य करना चाहिए और स्वार्थ से दूर रहना चाहिए। दानव को मानव बनाने के लिए मां रेवा का तट परम पवित्र है इससे काया के चित व चरित का चिंतन हो जाता है मां नर्मदा की इस त्रिवेणी में जीवन पवित्र हो जाता है । इसी के साथ तीर्थ की महिमा तथा उसका महत्व बच्चों को बताया गया । मां रेवा आरती समिति समिति महेश्वर के द्वारा छठवें दिन कथा उपरांत मां की आरती व प्रसाद वितरण से कार्यक्रम का समापन हुआ।

रिपोर्टिंग हरिहर सिंह चौहान

क्या हिंदुओं की जातीय मानसिकता को बदल पाएंगे संघ प्रमुख मोहन भागवत?

कमलेश पांडेय

प्राचीनकाल में मनुस्मृति से लेकर आधुनिक काल के संविधान तक हिंदू समुदाय में जिस जातिवाद को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में बढ़ावा दिया गया, वह अब दुनिया के तीसरे बड़े धर्म सनातन (हिन्दू) के लिए अभिशाप साबित हो रहा है। जिस तरह से सियासी गोलबंदी के लिए जातिवाद को हवा दी जा रही है, वह किसी लोकतांत्रिक कलंक से कम नहीं है। अब तो प्रशासनिक और न्यायिक निर्णय भी इसे हवा देते प्रतीत हो रहे हैं।

मसलन, इससे निरंतर कमजोर हो रहे हिन्दू समाज की एकजुटता के दृष्टिगत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत की चिंता स्वाभाविक है। यह उन जैसे सैकड़ों मशहूर लोगों के लिए भी सार्वजनिक चिंता का विषय रहा है लेकिन हमारी संसद और सरकार के लिए यह कोई मुद्दा नहीं है क्योंकि जातिवादी खिलौने से मतदाताओं को फुसलाने की संवैधानिक तरकीब उसने विकसित कर ली है और आधिकारिक निर्णयों में भी इसका भौंडा प्रदर्शन दिखाई दे जाता है।

बता दें कि विगत 18 जनवरी 2026 को छत्रपति संभाजीनगर में संघ सरचालक मोहन भागवत ने कहा कि जातिगत भेदभाव समाप्त करने के लिए जाति को मन से मिटाना होगा जो ईमानदारी से करने पर 10-12 वर्षों में संभव है। एक तरह से उनका यह बयान जातिवाद की गहरी जड़ों को देखते हुए आशावादी तो लगता है लेकिन इसकी व्यवहारिकता पर सवाल उठते हैं क्योंकि जाति भारत की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक संरचना में गहराई से बसी हुई है।

अब तो संविधान से लेकर जनगणना तक इसने घुसपैठ कर ली है। इसलिए जब तक सत्ता प्रतिष्ठान को सद्बुद्धि नहीं आएगी, तबतक जाति मुक्त भारत या हिन्दू समाज की परिकल्पना बेमानी प्रतीत होती है। इसलिए यक्ष प्रश्न पुनः समुपस्थित है कि क्या हिंदुओं की जातीय मानसिकता को बदल पाएंगे संघ प्रमुख मोहन भागवत? क्या जाति आधारित आरक्षण सम्बन्धी सोच को बदल पाएंगे मोहन भागवत क्योंकि जबतक ऐसा नहीं होगा, उनकी तमाम कोशिशें नाकाफी प्रतीत होंगी!

फ़लिवक्त मोहन भागवत ने बताया कि जाति मूल रूप से पेशे से जुड़ी थी लेकिन बाद में भेदभाव का कारण बनी। उन्होंने जोर दिया कि कानून या घोषणाओं से नहीं, बल्कि मानसिकता बदलने से यह जटिल समस्या हल होगी। देखा जाए तो यह युगांतरकारी विचार पहले भी व्यक्त किया गया है जैसे 2023 में जाति को 'पंडितों की देन' उन्होंने ही बताया था लेकिन नेताओं और नौकरशाहों की संवैधानिक हठधर्मिता शायद उन्होंने विस्मृत कर डाली ताकि आरक्षणवादी कोहराम न मचाएं।

कहना न होगा कि जातिवाद मुक्त भारत और हिन्दू समाज की राह में कई व्यवहारिक चुनौतियाँ भी हैं क्योंकि जातिवाद ग्रामीण रोजगार, विवाह और राजनीति में प्रबल है जहां आरक्षण और वोट बैंक इसे बनाए रखते हैं। भले ही प्रतिक्रियाओं में इसे 'चुनावी जुमला' कहा गया, क्योंकि ऐसे बयान कार्रवाई में नहीं बदलते। यही वजह है कि सामाजिक सुधारों के बावजूद अंतरजातीय विवाह कम हैं और भेदभाव जारी है।

यह ठीक है कि इस दिशा में जारी ईमानदार प्रयास से जागरूकता बढ़ सकती है लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति और कानूनी सख्ती के बिना 10-12 वर्षों का लक्ष्य अवास्तविक लगता है। फिर भी यदि यह पुनीत सपना साकार होता है तो इससे नागरिक समाज, शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण में सहायता मिल सकती है। वहीं नागरिक समाज, शिक्षा और आर्थिक सशक्तीकरण से ही यह पवित्र सपना साकार होगा।

देखा जाए तो आरएसएस ने जातिवाद समाप्ति के लिए लंबे समय से सामाजिक समरसता व सामाजिक सद्भाव को प्रमुख लक्ष्य बनाया है जिसमें जागरूकता अभियान, गांव-स्तरीय प्रयास और शाखाओं के माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रेरित करना शामिल है हालांकि, आलोचक इसे सतही मानते हैं क्योंकि संगठन की आंतरिक संरचना और ऐतिहासिक रुख में जातिगत प्रभाव दिखता रहा है। बावजूद इसके, आरएसएस ने 2023 से 'सामाजिक समरसता परियोजना' शुरू की जिसमें 13,000+ गांवों में कुओं, श्मशानों और मंदिरों में दलित प्रवेश पर रोक हटाने का सर्वे और जागरूकता अभियान चलाया। वहीं संघ शाखाओं (95,000+) के जरिए कार्यकर्ता गांवों, स्कूलों और मंदिरों में जाकर छुआछूत विरोधी संदेश फैलाते हैं, साथ में सामूहिक भोज के द्वारा भोजन करते हैं और सामूहिक विवाह को बढ़ावा देते हैं।

यही वजह है कि बिहार, हरियाणा, उड़ीसा, महाराष्ट्र जैसे चुनावों में हिंदू वोटों को जाति से ऊपर उठाने में संघ की उपर्युक्त पहल सहायक साबित हुई जिससे भाजपा को प्रत्यक्ष लाभ हुआ। साथ ही शाखाओं में जाति-निरपेक्षता का वातावरण स्थापित हुआ। यही नहीं, संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठकों में भी इसे प्राथमिकता दी गई जैसे 2024 के आम चुनावों तक इस विषयक अभियान चलाने का फैसला संपन्न हुआ।

वहीं, संगठन के भीतर जारी आंतरिक प्रयास के तहत संघ की शाखाओं में जाति को नजरअंदाज कर 'सभी हिंदू एक परिवार' का सिद्धांत अपनाया जाता है, जिसकी शुरुआत संस्थापक हेडगेवार ने की थी। वहीं, संवैधानिक आरक्षण पर भी समर्थन जताया गया है ताकि दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों आदि का भरोसा आरएसएस में मजबूत हो हालांकि हालिया बयानों में इसे जातिवाद बढ़ाने वाला भी कहा गया। साथ ही साल 2024 में जाति जनगणना का संघ ने समर्थन किया ताकि योजनाएं बेहतर हों, बशर्ते राजनीतिक दुरुपयोग न हो।

कहना न होगा कि आरएसएस के इन सदाशयी प्रयासों के बावजूद, उस पर ब्राह्मण वर्चस्व और आरक्षण विरोध के पुराने आरोप लगते रहे हैं। आरएसएस के जातिवाद विरोधी प्रयासों पर कई गंभीर आलोचनाएं भी आई हैं जो मुख्य रूप से इनके प्रचारात्मक, असंगठित और हिंदू एकता को प्राथमिकता देने वाले स्वरूप पर केंद्रित हैं जिसके चलते आलोचक इन्हें सतही बताते हैं क्योंकि संगठन ने जाति व्यवस्था को जड़ से चुनौती नहीं दी। अक्सर सवाल उठाया जाता है कि विगत 100 वर्षों में कोई प्रमुख दलित या आदिवासी संघ सरसंघचालक नहीं बना जिससे आंतरिक ब्राह्मण वर्चस्व के आरोप बने हुए हैं। आरक्षण पर अस्पष्ट रुख और जाति जनगणना को राजनीतिक दुरुपयोग रोकने की शर्त रखना आलोचना का कारण बना। वहीं छुआछूत जैसी प्रथाएं ग्रामीण भारत में बनी हुई हैं। अलबत्ता, मोहन भागवत जैसे नेताओं के बयान सकारात्मक हैं लेकिन व्यावहारिक बदलाव सीमित दिखते हैं क्योंकि जाति राजनीति में गहरी पैठ रखती है। भले ही भागवत के समग्र मूल्यांकन प्रयासों से जनजागरूकता बढ़ी लेकिन जाति राजनीति और सामाजिक जड़ों को तोड़ने में ये पहल अपर्याप्त साबित हुए। ऐसा इसलिए कि गहरे बदलाव के लिए राजनीतिक समर्थन और कानूनी सख्ती की स्पष्ट कमी रही।

आरएसपी भूमि व संपत्तियों में संगठित भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, मामला सिविसी मे- डॉ यादव

एस्टेट ऑफिस व टाउन सर्विसेज की मिलीभगत से अवैध कब्जा,अनधिकृत निर्माण और कंपनी संपत्ति की लूट के दावे की जाँच हो

राउरकेला: राउरकेला स्टील प्लांट (RSP) की बहुमूल्य भूमि और संपत्तियों पर संगठित भ्रष्टाचार, अवैध कब्जा और सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर आरोप सामने आए हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. राजकुमार ने प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत की कि RSP के एस्टेट ऑफिस, टाउन सर्विसेज, मार्केट सेक्शन और संबंधित विभागों के कुछ अधिकारी-कर्मचारी आपसी मिलीभगत से वर्षों से कंपनी की भूमि और भवनों पर खुलेआम अवैध कब्जा, अनाधिकृत स्थायी निर्माण और पट्टा शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस पूरी व्यवस्था में अंडरटेबल और अनधिकृत लेन-देन के जरिए संपत्तियों का निजी लाभ उठाया जा रहा है, जिससे कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम व SAIL सेवा नियमों का उल्लंघन हो रहा है।

जानकारों का कहना है कि लंबे समय से इन गतिविधियों की अनदेखी होने के कारण अवैध कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हैं। इस संबंध में संबंधित विषय पत्र केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) को भेजकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा इस शिकायत को इस्पात मंत्रालय के माध्यम से CVC को अग्रेषित किया गया है, जिससे आम जनता में न्याय और पारदर्शिता की उम्मीद बढ़ी है।



भारत पर्व 2026 मे झारखंड की झांकी गजराज, हरियाली ,ईको टूरिज्म की छटा बिखरेगा

26 से 31 जनवरी तक दिल्ली में नि :शुल्क नयनाभिराम कर सकेगें दर्शक

कार्तिक कुमार परिच्छा, स्टेट हेड -झारखंड

रांची , गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर लाल किले में आयोजित होने वाले ₹भारत पर्व 2026₹ में झारखंड की झांकी इस बार दर्शकों अपनी वन भूमि विरासत व वन्यजीव को लेकर होगा । राज्य की झांकी के माध्यम से झारखंड की समृद्ध प्राकृतिक विरासत, बहुमूल्य जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित की जाएगी। इस वर्ष झांकी की थीम "स्वतंत्रता का मंत्र : वंदे मातरम्" और विकसित भारत रखी गई है, जो प्रकृति और राष्ट्रभक्ति के गहरे संबंध को उजागर करेगी। झांकी में झारखंड के प्रसिद्ध दसम जलप्रपात, वन्यजीव और इको-टूरिज्म को प्रमुखता से दर्शाया जाएगा। एशियाई हाथी और नीलगाय जैसे वन्यजीव राज्य की जैव विविधता और संरक्षण प्रयासों के प्रतीक बनेंगे। यह झांकी झारखंड की हरियाली, जलस्रोतों की प्रचुरता और आदिवासी समाज के प्रकृति से जुड़े जीवन को दर्शकों के सामने सशक्त रूप से प्रस्तुत करेगी।

भारत पर्व 2026 का आयोजन लाल किला प्रांगण में 26 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जाएगा। इस दौरान झारखंड सहित देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियां भारत की सांस्कृतिक विविधता, प्राकृतिक धरोहर और विकास यात्रा को प्रदर्शित करेंगी। झारखंड की झांकी राज्य को सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति-आधारित पर्यटन के अग्रणी उदाहरण के रूप में पेश करेगी।

यह उल्लेखनीय है कि भारत पर्व का आयोजन हर वर्ष पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया जाता है। यह कार्यक्रम 26 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक आम जनता के लिए नि:शुल्क खुला रहेगा। उधर दिल्ली से मिली जानकारी के अनुसार भारत पर्व में दर्शक न केवल गणतंत्र दिवस परेड में शामिल विभिन्न राज्यों की झांकियों का आनंद लेंगे, बल्कि फूड वेंडर्स के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद भी उठा पाएंगे।

यह सिर्फ़ एक चुनाव नहीं है।
यह सम्मान पर जनमत संग्रह है!
दशकों से दलित वकीलों को गिना गया है, माना नहीं गया।
भीड़ के लिए इस्तेमाल किया गया,
निर्णयों में नज़रअंदाज़ किया गया,
और अन्याय के समय चुप करा दिया गया।
जब अपमान होता है —
एकजुटता ग़ायब हो जाती है।
जब गिरफ़्तारी होती है —
आवाज़ दबा दी जाती है।
अब यह चुप्पी टूटनी चाहिए।
अभी।
रजत कल्सन सहानुभूति नहीं माँग रहे हैं।
वे समानता की माँग कर रहे हैं।
यह लड़ाई किसी पद की नहीं,
बल्कि सम्मान, प्रतिनिधित्व
और संवैधानिक नैतिकता की है।
रजत कल्सन को दिया गया
एक वोट है—
• अपमान के ख़िलाफ़
• झूठे मुक़दमों और
चयनात्मक चुप्पी के ख़िलाफ़
• बार राजनीति में टोकनिज़्म के ख़िलाफ़
• अदालतों में साहस के पक्ष में
यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति की नहीं है।
यह सवाल है—
क्या दलित वकील केवल भीड़ बनकर रहेंगे
या एक सशक्त ताक़त बनेंगे?
अगर आज हम एकजुट नहीं हुए,
तो कल अन्याय और ज़्यादा ताक़त से लौटेगा।
समझदारी से वोट दीजिए।
हिम्मत को वोट दीजिए।
प्रतिनिधित्व को वोट दीजिए।
रजत कल्सन को वोट दीजिए
क्योंकि सम्मान को आवाज़ चाहिए।
जय भीम।
संविधान • स्वाभिमान • प्रतिनिधित्व

जारीकर्ता
रजत कल्सन एडवोकेट



लंदन में शिक्षा व कौशल विकास पर झारखण्ड–यूके राउंड टेबल संबाद

युवाओं को वैश्विक अवसरों से जोड़ने पर जोर

कार्तिक कुमार परिच्छा, स्टेट हेड - झारखंड

रांची। लंदन प्रवास के दौरान झारखण्ड सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को शिक्षा एवं कौशल विकास पर केंद्रित एक उच्चस्तरीय राउंड टेबल संवाद के साथ महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की। जिसमें यूके के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों, स्किलिंग संगठनों, अवार्डिंग बॉडीज़ और अप्रेंटिसशिप पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता सुदिव्य कुमार, मंत्री, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग सह उच्च शिक्षा विभाग तथा सरायकेला वंदना डाडेल, अपर मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार ने की। संवाद का उद्देश्य झारखण्ड के युवाओं को वैश्विक मानकों के अनुरूप कौशल, व्यावहारिक प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने की रणनीति पर विचार-विमर्श करना रहा।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि यह संवाद उस स्पष्ट सोच को मजबूती देता है, जिसमें शिक्षा को रोजगार से, कौशल को अवसर से और स्थानीय प्रतिभा को वैश्विक मंच से जोड़ा जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी के मार्गदर्शन में अबुआ सरकार द्वारा युवा शक्ति को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण और दूरगामी पहल है।

सत्र के उद्घाटन में झारखण्ड प्रतिनिधिमंडल ने राज्य को केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि वैश्विक शिक्षा और नवाचार के संभावित केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया। प्रतिनिधिमंडल ने इस तथ्य पर ध्यान आकृष्ट किया कि हाल के वर्षों में अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों की गतिविधियां मुख्यतः पश्चिमी भारत, दिल्ली एनसीआर और दक्षिण भारत तक सीमित रही हैं, जबकि पूर्वी और मध्य भारत अब भी अंतरराष्ट्रीय शिक्षा निवेश के मानचित्र से बाहर हैं। झारखण्ड ने अधिक संतुलित और समावेशी अंतरराष्ट्रीयकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए पूर्वी भारत को वैश्विक शिक्षा साझेदारियों के अगले चरण का प्रमुख गंतव्य बनाने का आह्वान किया।

झारखण्ड सरकार ने उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और परिणामों को सुदृढ़ करने हेतु तीन प्रमुख सुधारात्मक कदम प्रस्तुत किए—राज्य संकाय विकास अकादमी की स्थापना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अनिवार्य 8-सप्ताह की इंटर्नशिप, तथा राष्ट्रीय बेंचमार्किंग के अनुरूप राज्य संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क। सरकार ने यह भी रेखांकित किया कि उच्च शिक्षा में लैंगिक समानता सूचकांक के मामले में झारखण्ड राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। विदेशी छात्रवृत्ति मार्ग के तहत यूके जाने वाले छात्रों में 65 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो राज्य की युवा महिलाओं की वैश्विक शिक्षा के प्रति बढ़ती आकांक्षा को दर्शाता है।

संवाद में अप्रेंटिसशिप-आधारित शिक्षा, उद्योग-संबद्ध डिग्री कार्यक्रम, फिनिशिंग स्कूल अवधारणा और आईटीआई पाठ्यक्रमों के आधुनिकीकरण पर विशेष चर्चा हुई। केयर इकॉनमी, पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी, हरित कौशल, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और खनन से जुड़े अनुसंधान एवं कौशल को प्राथमिक क्षेत्र बताया गया।

राउंड टेबल में कौशल एवं योग्यताओं की पारस्परिक मान्यता, संयुक्त डिग्री कार्यक्रम, अंतरराष्ट्रीय कैंपस/सैटेलाइट केंद्र, छात्र एवं शिक्षक विनिमय तथा भारत–यूके हरित कौशल एजेंडा के तहत सहयोग के अवसरों पर सहमति बनी। सतत पर्यटन, आदिवासी ज्ञान प्रणालियां, संस्कृति, जलवायु कार्रवाई और नवाचार आधारित साझेदारियों पर भी चर्चा हुई।

यूके के प्रतिभागियों ने झारखण्ड की दृष्टि की सराहना करते हुए ट्रांसनेशनल एजुकेशन, पाठ्यक्रम विकास, शिक्षक प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग की प्रबल इच्छा व्यक्त की। रांची और उसके आसपास स्मार्ट सिटी पारिस्थितिकी तंत्र में शिक्षा आधारित निवेश की संभावनाओं पर भी रुचि दिखाई गई।

बैठक का समापन संस्थागत स्तर पर आगे की ठोस चर्चाओं और साझेदारियों को आगे बढ़ाने की सहमति के साथ हुआ। झारखण्ड सरकार ने यूके भागीदारों को पूर्वी भारत के केंद्र में एक समावेशी, भविष्य-तैयार शिक्षा एवं कौशल पारिस्थितिकी के सह-निर्माण के लिए आमंत्रित किया ।

कांग्रेस SC सेल ने बरगढ़ बरपाली में MNREGA बचाव कार्यक्रम का आयोजन किया

मनोरंजन शासमल , स्टेट हेड ओड़िशा

भुवनेश्वर: बरपाली पूर्वांचल के वार्ड नंबर 11 में यादव कल्याण मंडप में सैकड़ों लोगों के साथ 'MNREGA' बचाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बरगढ़ जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष अभिषेक सेठ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। राज्य कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष एडवोकेट मानस कुमार मल्लिक ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और अपने भाषण में कहा कि MNREGA कानून राष्ट्रपति महात्मा गांधी के सम्मान में लाया गया था और देश के करोड़ों गरीब लोगों को काम का अधिकार दिया था और मोदी सरकार को MNREGA को ₹VB - ग्रामजीवन योजना से बदलने की इतनी ज़रूरत क्यों थी। दक्षिणपंथी विचारधारा से प्रेरित होकर मोदी सरकार ने यह काम किया है, जिससे करोड़ों गरीब भारतीयों ने सौ दिन काम करने का अधिकार खो दिया है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ऐसी तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेगी और पीसीसी अध्यक्ष भक्त चरण दास के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ओडिशा के हर घर तक पहुंचेगी और ओडिशा की जनता आने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, नगरपालिका चुनाव और आम चुनावों में भाजपा सरकार को इसका जवाब देगी।

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के सचिव श्री पांडव कर्ण ने कार्यक्रम में शामिल होकर कहा कि महात्मा गांधी का नाम स्मृति से हटाकर मोदी सरकार ने जो गलती की है, उसका कांग्रेस पार्टी और देश की जनता आने वाले दिनों में वोट के जरिए मुंहतोड़ जवाब देगी।

राज्य अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष रंजन सेठी, संपादक सत्यनारायण साहबी, वरिष्ठ नेता आनंद प्रधान महागल ने कार्यक्रम में भाग लेकर अपने भाषण दिए और बैठक के अंत में बरपाली एनएसी के वार्ड पार्षद नंबर 11 सरोज भोई ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

समंदर के बीच आइलैंड द्वीप पर 77वें रिपब्लिक डे से पहले तिरंगा लहराया गया

मनोरंजन शासमल , स्टेट हेड ओड़िशा

भूबनेश्वर : भद्रक जिले में धामरा पोर्ट के पास उदाबाली आइलैंड पर 77वें रिपब्लिक डे से पहले तिरंगा लहराया गया है। कोस्टल सिक्योरिटी और शहीदों को श्रद्धांजलि देने के मकसद से तिरंगा फहराया गया है। जिसका असली नाम कनिका बाली आइलैंड है। यह आइलैंड राजा कनिका के राज की एक खूबसूरत कहानी समेटे हुए है।समय के साथ मछली पकड़ते समय रेत उड़ गई, इसलिए इसका नाम उदा बाली पड़ गया। यह द्वीप एशिया के सबसे बड़े बंदरगाह, भद्रक जिले में धामरा पोर्ट से सिर्फ 12 किलोमीटर दूर स्थित है। लेकिन धामरा पोर्ट के निर्माण से पहले, पश्चिम बंगाल ने इसे अपना दावा किया था। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह बाली द्वीप बंदरगाह के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

समुद्र की लहरों के टकराने के बाद, समुद्र का पानी शांत हो जाता है और धामरा पोर्ट तक एक प्राकृतिक बंदरगाह बनाता है। चूंकि यह द्वीप पश्चिम बंगाल से 170 किलोमीटर दूर है, इसलिए उसने इस उदा बाली पर अपना दावा किया और ऐसी जानकारी है कि उसने यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत कोशिश की कि ओडिशा में कोई बंदरगाह न हो। पश्चिम बंगाल ने उदा बाली से बड़े जहाजों में आने वाले सामान को दूसरे छोटे जहाजों में स्थानांतरित करने की योजना बनाई। लेकिन समय के साथ, यह बंदरगाह और उदा बाली भद्रक जिले के चांदबाली के अधिकार क्षेत्र में आ गए। यह द्वीप तटीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। इसलिए आज, पुलिस महानिदेशक (DGP) ओबाई बी खुरानिया ने इस द्वीप पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस आइलैंड पर नेशनल फ्लैग फहराना एक साथ ओडिशा बनाने और कोस्टल सिक्योरिटी के लिए ज़रूर एक्साइटिंग है। 77वें रिपब्लिक डे के मौके पर, भारत सरकार ने फेज़ में 13 आइलैंड पर तिरंगा फहराने का फैसला किया है। हर महीने, मरीन पुलिस एंटी-नेशनल के खिलाफ कोस्टल सिक्योरिटी के लिए आइलैंड पर पेट्रोलिंग करेगी। पिछले फाइनेंशियल ईयर में, कोस्टल सिक्योरिटी के लिए बजट में उदा बाली आइलैंड के लिए 22 करोड़ दिए गए थे। इस साल, राज्य सरकार ने मरीन पुलिस की ताकत बढ़ाने के लिए एक्स्ट्रा 150 करोड़ मंजूर किए हैं। यह पैसा ओड्राफ, फायरफाइटिंग और पुलिस कंट्रोल सेंटर बनाने पर खर्च किया जाएगा। इसी तरह, घुसपैठियों को रोकने के लिए मरीन पुलिस और फायर बोट स्टैंडबाय पर रहेंगी। सिक्योरिटी के मामले में कोस्ट कैसे मजबूत रहेगा? पुलिस डायरेक्टर जनरल ने कहा कि सरकार ने कोस्टल सिक्योरिटी और लोकल लोगों के इकोनॉमिक डेवलपमेंट को इंपॉर्टेंस दी है।

सारंडा में एक करोड़ ईनामी नक्सली अनल दा समेत पंद्रह नक्सली मुठभेड़ में ढेर

झारखंड –ओडिशा सीमा पर पुलिस व सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी

कार्तिक कुमार परिच्छा, स्टेट हेड ,-झारखंड

रांची। गृहमंत्री अमित शाह के वायदे अनुसार अब सिंहभूम एवं समूचे झारखंड में माओवादी खात्मे का अन्तिम लड़ाई लडी जा रही है । इस क्रम में सिंहभूम के सारंडा के घने जंगलों में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने माओवादी उन्मूलन अभियान में ऐतिहासिक सफलता हासिल की। पुलिस महानिदेशक झारखंड और सीआरपीएफ महानिदेशक के संयुक्त नेतृत्व में चल रहे विशेष अभियान 'मेघाबुरु' के तहत किरीबुरु थाना क्षेत्र के कुम्डीह में हुई भीषण मुठभेड़ में कुख्यात शीर्ष माओवादी नेता अनल दा उर्फ पतिराम मांझी समेत कुल 15 माओवादी मारे गए।

अनल पर झारखंड में 1 करोड़, ओडिशा में 1.20 करोड़ और एनआईए की ओर से 15 लाख रुपये का इनाम घोषित था। यह कार्रवाई सारंडा–कोल्हान बेल्ट में माओवादियों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में गिनी जा रही है।

गुरुवार सुबह करीब 6.30 बजे सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम कोबरा 209 बटालियन, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और जिला पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर सारंडा जंगल में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान अनल के सशस्त्र दस्ते ने सुरक्षाबलों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी।

जवाबी कार्रवाई में कई बार मुठभेड़ हुई, जो घंटों तक चली। घटनास्थल से 15 नक्सलियों के शव, अत्याधुनिक हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में मारे गए 15 माओवादियों में से 11 की पहचान कर ली गई है।

इनमें भाकपा (माओवादी) का सेंट्रल कमेटी मेंबर अनल दा के अलावा अनमोल उर्फ सुशांत, अमित मुंडा, पिंटू लोहरा, लालजीत उर्फ लालू, राजेश मुंडा, बुलबुल अयदा, बबीता, पूर्णिमा, सुरजमुनी और जोंगा शामिल हैं। इन सभी पर झारखंड, ओडिशा और केंद्रीय एजेंसियों के दर्जनों गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। कई नक्सली लंबे समय से मोस्ट वांटेड सूची में शामिल थे और इलाके में हिंसक वारदातों के संचालन में अहम भूमिका निभा रहे थे।

सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, अनल दा 1987 से नक्सली गतिविधियों में सक्रिय था और माओवादी संगठन का प्रमुख रणनीतिकार माना जाता था। वर्ष 2022 से अब तक सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में हुए आईईडी ब्लास्ट, सुरक्षाबलों पर हमले और लूटपाट की घटनाओं में उसकी सीधी संलिप्तता रही है। उसके खात्मे से माओवादी संगठन की रणनीतिक क्षमता को गहरा झटका लगा है और सारंडा–गिरिडीह बेल्ट में उनका नेटवर्क बुरी तरह कमजोर हुआ है।

मुठभेड़ के बाद पूरे सारंडा क्षेत्र में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात कर नक्सलियों के भागने के संभावित रास्तों को सील किया गया है। फिलहाल जंगलों में सघन सर्च ऑपरेशन जारी है, ताकि किसी भी नक्सली को निकलने का मौका न मिले। झारखंड पुलिस ने शेष बचे माओवादियों से आत्मसमर्पण करने की अपील की है। आज 15 माओवादी मारे गए हैं। सारंडा में माओवादियों से निर्णायक लड़ाई चल रही थी। इस ऑपरेशन के बाद झारखंड में बड़े कद के माओवादी न के बराबर बचे हैं।

इनमें भाकपा (माओवादी) का सेंट्रल कमेटी मेंबर अनल दा के अलावा अनमोल उर्फ सुशांत, अमित मुंडा, पिंटू लोहरा, लालजीत उर्फ लालू, राजेश मुंडा, बुलबुल अयदा, बबीता, पूर्णिमा, सुरजमुनी और जोंगा शामिल हैं। इन सभी पर झारखंड, ओडिशा और केंद्रीय एजेंसियों के दर्जनों गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। कई नक्सली लंबे समय से मोस्ट वांटेड सूची में शामिल थे और इलाके में हिंसक वारदातों के संचालन में अहम भूमिका निभा रहे थे।

सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, अनल दा 1987 से नक्सली गतिविधियों में सक्रिय था और माओवादी संगठन का प्रमुख रणनीतिकार माना जाता था। वर्ष 2022 से अब तक सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में हुए आईईडी ब्लास्ट, सुरक्षाबलों पर हमले और लूटपाट की घटनाओं में उसकी सीधी संलिप्तता रही है। उसके खात्मे से माओवादी संगठन की रणनीतिक क्षमता को गहरा झटका लगा है और सारंडा–गिरिडीह बेल्ट में उनका नेटवर्क बुरी तरह कमजोर हुआ है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक संजय कुमार बाटला द्वारा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-18,19,20 सेक्टर 59, नोएडा (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं 3, प्रियदर्शनी अपार्टमेंट ए-4, पश्चिमी विहार, नई दिल्ली- 110063 से प्रकाशित। सम्पर्क : 9212122095, 9811902095. newstransportvishesh@gmail.com
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी) किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली के न्यायालय के अधीन होंगे। RNI No :- DELHIN/2023/86499. DCP Licensing Number F.2 (P-2) Press/2023